CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 17°C
तापमान

सेंसेक्स 76,295.36
निफ्टी 23,250.10

सोना 93,110
चांदी 1,03,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 82 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 5 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**थाईलैंड में दुनिया की सबसे यंग पीएम से मिले मोदी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान संभालेंगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ बिल राज्यसभा में पेश, चर्चा जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। इस पर दोपहर एक बजे से चर्चा हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।



■ **नड्डा बोले- विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश**

## भाजपा के हमले का आक्रामक जवाब जरूरी: सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों के मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है।



## राहुल का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के चार हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में घुस आया है, लेकिन हमारे राजदूत चीन के नेताओं के साथ केक काटते देखे गए हैं।

श्री गांधी ने लोकसभा में शून्य काल में इस मुद्दे पर सरकार से सवाल किया कि चीन द्वारा कब्जाई जमीन को वापस लेने के लिए वह क्या कर रही है? मैं इस बात को लेकर बहुत हैरान हूं कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा किए बैठा है और हमारे विदेश सचिव चीन के राजदूत के साथ कुछ समय पहले केक काटते देखे गए। हमारे जवान शहीद हुए थे, उनकी शहादत का जश्न मनाया जा रहा है, केक काटकर। हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सामान्य स्थिति से पहले हमें हमारी जमीन वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि वह विदेश नीति के मामले में न तो बाएं झुकेंगी और न ही दाएं झुकेंगी, वह भारतीय हैं, वह सीधी खड़ी होंगी। हम सब इतिहास जानते हैं, जब भाजपा और आरएसएस से ऐसा ही सवाल पूछा जाएगा, तो वे सामने वाले के आगे सिर झुका लेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सहयोगी (अमेरिका) ने अचानक हमारे ऊपर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

■ **कहा: चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर चुका है, सरकार क्या कर रही है**

# ट्रम्प टैरिफ युद्ध: भारत को 26 और चीन को 34% का झटका

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया पर चलाया टैरिफ का चाबुक

वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ा कदम उठाते हुए भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के अनुसार बुधवार देर रात व्हाइट हाउस रोज गार्डन में एक भाषण के दौरान भारत और चीन पर बड़े पैमाने पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

उन्होंने इसे डिस्काउंटेड करार दिया क्योंकि ये दरें उन शुल्कों का लगभग आधा हैं, जो उनके अनुसार ये देश अमेरिका से वसूलते हैं। नई दरों के अनुसार, भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका से विभिन्न आयातों पर 52 प्रतिशत शुल्क लेता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) हाल ही में यहां से गए हैं। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से आयात पर 20 प्रतिशत, ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, ताइवान पर 32 प्रतिशत, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कंबोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, ब्राजील पर 10 प्रतिशत, बंगलादेश पर 37 प्रतिशत, सिंगापुर पर 10 प्रतिशत, इजराइल पर 17 प्रतिशत, फिलिपींस पर 17 प्रतिशत, चिली पर 10 प्रतिशत, -शेष पृष्ठ दो पर




■ **ट्रम्प ने कहा: भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे**

■ **अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताया अपना दोस्त**

## अमेरिका की प्रशुल्क-कार्रवाई के असर, अवसर की जांच कर रहा भारत: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी आयात शुल्क लागू करने के कार्यकारी आदेश और अन्य घोषणाओं के संभावित प्रभावों की सावधानी पूर्वक जांच कर रहा है और इससे उत्पन्न होने वाले अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणाओं के अनुसार भारत पर अतिरिक्त शुल्क 27 प्रतिशत लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर भारत की यह पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को महत्व देता है और उसके साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध है, ताकि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हो। विज्ञप्ति में कहा कि वाणिज्य विभाग अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए विभिन्न उपायों/घोषणाओं के प्रभावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है।

# दिल्ली में पटाखा बैन पर ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश जैन ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसम्बर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट 1985 में दायर एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है, सभी एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकते**



# संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **संपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी**

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। याद रहे कि 1997 में, तत्कालीन सीजेआई जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें जजों से अपेक्षा की गई कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी।

## मुंबई में लॉरेंस गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार हथियार बरामद

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लारेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

## लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर टै 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्की के दियारबकिर एयरपोर्ट पर विमान लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई। एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

## फर्जी कॉल करने वाले शख्स को दो साल का कारावास

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फर्जी कॉल करने के जुर्म में एक शख्स को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा होने की चेतावनी दी गई थी। आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए सबूतों से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने मुख्य नियंत्रण कक्ष को धमकी देकर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की। आरोपी कामरान खान (29) ने 20 नवम्बर 2023 को पुलिस नियंत्रण कक्ष में यह कॉल किया था। अदालत ने आरोपी कामरान खान को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया।

# चुनौतियों के समाधान की योजना बनाए सेना: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है।

श्री सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी।

■ **कहा: वर्तमान दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है**

# अनिल अंबानी पर 25000 का जुर्माना

मुंबई, वार्ता

■ **हाईकोर्ट ने अंबानी के वकील को कड़ी फटकार लगाई**

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर अप्रैल 2022 में आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एक वकील ने यहां यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति महेश एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र एस. जैन की पीठ ने हाल ही में अंबानी के वकील गुंजन कक्कड़ को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि श्री अंबानी के वकील ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए अब लिखित अनुरोध किया है, जबकि नोटिस 12 अप्रैल, 2022 को जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल प्रसारित करने या सुनवाई की सुविधा 'ऐसी कृत्रिम तात्कालिकता पैदा करके लागू नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इसके अलावा, अदालत में कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसे लेकर याचिकाकर्ता ने न्यायालय में उस समय याचिका दायर की है, जब 31 मार्च, 2025 तक मूल्यांकन की समय सीमा समाप्त होने की संभावना है।

# 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ममता को बड़ा झटका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में एसएससी ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति की थी।

हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है।



■ **सुप्रीम कोर्ट बोला: सिलेक्शन प्रोसेस गलत**

## व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं: ममता बनर्जी

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ देर बाद ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान आया। ममता ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या विपक्षी भाजपा और सीपीएम चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इस देश के नागरिक के रूप में, मेरे पास हर अधिकार है और मैं जजों के प्रति सम्मान के साथ इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। मैं मानवीय दृष्टिकोण से अपनी राय व्यक्त कर रही हूं। गलत सूचना न दें या भ्रम पैदा न करें। सरकार फैसले को स्वीकार करती है। स्कूल सेवा आयोग से भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए कहा है।



खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाऐ



निःसंतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें

डा. शाइस्ता अंसारी

Mob. 9897147171

Follow us on :
facebook, You tube, insta, whatsup

सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# सरकार की नजर वक्फ की संपत्ति पर: हुसैन

नई दिल्ली, वार्ता



■ बीजेपी देश में कर रही ध्रुवीकरण की राजनीति

राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन ने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर देश में ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार यह विधेयक सिर्फ वक्फ की संपत्ति को हड़पने के लिए लेकर आई है, जबकि भाजपा के राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य वक्फ द्वारा किसी की संपत्ति पर दावा करने से रोकना और वक्फ की संपत्तियों का गरीब मुस्लिमों के उत्थान के लिए उपयोग करना है।

हुसैन ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि 1995 में और वर्ष 2013 में जब इससे जुड़े विधेयक लाए गए थे, तब भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा ने इसका क्यों समर्थन किया था और इसको सर्वसम्मति से पारित क्यों किया गया था। वर्ष 2009 में भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में इससे जुड़ी एक समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उसको लागू करने की बात कही थी। वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने उस समित और सच्चर समिति की रिपोर्ट को मिलाकर संशोधन किया था और उसका भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक केन्द्र में रही मोदी सरकार को यह समक्ष नहीं आया कि वक्फ कानून तुष्टीकरण वाला कानून है। वर्ष 2024 में जब भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 सीटें नहीं जीत पाई और उसको 240 सीटें मिली तो इस संशोधन को लेकर आ गई ताकि ध्रुवीकरण किया जा सके और धर्म की राजनीति की जा सके। उन्होंने इस विधेयक को मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने वाला बताते हुए कहा कि वक्फ कानून को लेकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुयक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को सदन में रखा जाना चाहिए कितने लोग विरोध में थे और कितने लोग पक्ष में थे यह पता चल सके। समिति की सिफारिशों में विरोधी सदस्यों की बातें नहीं है। समिति की बैठक में अनुच्छेदों पर चर्चा नहीं की गई। समिति ने सर्वसम्मति से सिफारिश नहीं की बल्कि समर्थकों सदस्यों ने इसको जोर डालकर मंजूर कर दिया। यह सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों की सिफारिश थी। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश के सभी धर्मों के लिए एक समान कानून होनी चाहिए। सभी धर्मों के लिए कानून बनाया जाना चाहिए, लेकिन उससे पर्सनल लॉ बोर्ड को अलग रखा जाना चाहिए। एक समुदाय को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दान के विचार हर धर्म में है।

# टैरिफ का दूसरे देशों के मुकाबले भारत पर असर कम: नायर

नई दिल्ली, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है। नायर ने कहा कि भारत को 10 प्रतिशत बेसलाइन ड्यूटी के अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क के साथ मध्य स्तर पर रखा गया है। इसके वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिर भी कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर तुलनात्मक आधार पर कम असर पड़ेगा। हमारे उद्योग को निर्यात दक्षता और मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए, ताकि इन टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। एसोचैम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अधिकांश अमेरिकी व्यापार साझेदार देश पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोई भी देश विशेष लाभ की स्थिति में नहीं होगा। इसका परिणाम उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतों के रूप में पड़ सकता है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा। नायर ने कहा कि हम वैश्विक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन भारत के लिए आगे का रास्ता एक त्वरित वरीयता व्यापार समझौता (प्रेफरेंशियल ट्रेड डील) हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सम्मान करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए यह समझौता संभव हो सकता है। भारत के उद्योग जगत को इस मामले में सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि भारत की स्थिति अन्य प्रमुख प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने बताया कि भारत पर 26 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।

## शुल्कों की संभावनाएं भी हो जाएंगी कम

भारत वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, बंगलादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत अनुकूल स्थिति में है। रल्हन ने यह भी कहा कि परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, प्लास्टिक और फर्नीचर जैसे कुछ क्षेत्रों में निर्यात का डायवर्जन हो सकता है, जो संभावित रूप से इन टैरिफ के कुछ प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) का समय पर निष्कर्ष अत्यंत आवश्यक है। फियो अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा समझौता न केवल शुल्कों को कम कर सकता है, बल्कि भारतीय निर्यातकों को राहत प्रदान करने के लिए एक संरचित ढांचा भी तैयार कर सकता है। इससे एकतरफा व्यापार उपायों और प्रतिशोधात्मक शुल्कों की संभावनाएं भी कम हो जाएंगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस मामले में अमेरिका के साथ वार्ता को प्राथमिकता दे।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनें आवास व शिक्षण संस्थान: दिनेश

**प्रयागराज।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को अपने खून से पत्र लिखकर वक्फ की भूमि पर गरीबों के लिए कम लागत वाले आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनवाने की मांग की है। पंडित फलाहारी ने गुरूवार को कहा कि जो भी व्यक्ति वक्फ बोर्ड का समर्थन करता है वह देश विरोधी है, उन पर देशद्रोह की कार्यवाही होनी चाहिए और ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेज देना चाहिए। ए लोग पाकिस्तान में मजार और मस्जिद बनाकर आबाद हो और भाईचारा कायम कर सकें, ऐसे लोगों का हिंदुस्तान में कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि 1940 में मुस्लिम लीग ने लाहौर प्रस्ताव में मुसलमानों के लिए एक अलग देश की मांग की थी। मुस्लिम लीग के नेता मोहम्मद अली जिन्ना ने इस मांग को आगे बढ़ाया और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यूपी में दलितों की सुरक्षा की जाए: सपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून- व्यवस्था की स्थिति बदहाल है और वहां दलितों की सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाने चाहिए। यादव ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में हाल ही में एक दलित युवक सनी कुमार की हिरासत के दौरान मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने दावा किया कि सनी कुमार ने पैजामा के नाड़े से फांसी लगा ली थी। उन्होंने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिरासत में मौतों के मामले में यह प्रदेश सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सदस्य रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर हमला किया गया है, उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश के दलितों की सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाने चाहिए। सपा की ही डिंपल यादव ने सदन में पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लाभार्थियों को उपचार में आ रही दिक्कतों का मामला उठाया और उन्हें दूर करने की मांग की।

## सीएम योगी ने पिछली सपा सरकार पर बोला हमला

# वो पैदा करती थी माफिया, हमने विदा किया

प्रयागराज, वार्ता



■ मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 580 करोड़ की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, विकास की गति में धन की कमी नहीं आएगी आड़े

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया।

निषादराज गुह्य की जयंती पर गुरुवार को मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर निषादराज के नगर श्रृंगवेरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 580 करोड़ रुपए की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास की गति को देने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। श्रृंगवेरपुर का अभी और विकास किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार के दरवाजे विकास के लिए हमेशा खुले रहेंगे। धन की तंगी इसके रास्ते में आड़े नहीं आने पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया। माफिया राज समाप्त हो गया। पिछली सरकारें उत्तर प्रदेश को माफिया के हवाले कर रही थी। हर जिले में एक माफिया पैदा कर रही थी। अपराधियों का शासन चलता था, लेकिन अब माफिया प्रदेश छोड़कर चले गए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार प्रयागराज की गरिमा को छिपाने का प्रयास करती थी।

देश और दुनिया से करोड़ों लोग यहां आकर श्रद्धा से शीश नवाते थे, लेकिन प्रयागराज की भूमि पर यहां के माफिया कब्जा करते जा रहे थे। यहां के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करते थे। जो आवाज उठाता था, उसे मार दिया जाता था, अपहरण कर लिया जाता था, गायब कर दिया जाता था, लेकिन अब यह प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के लिए वोट बैंक जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयागराज अब सामान्य रूप से इलाहाबाद नहीं रहा। अब ए प्रयागराज हो गया। प्रयाग का मतलब मिलन स्थल। प्रयागराज का मतलब महामिलन स्थल। गंगा, यमुना और सरस्वती तो मिलती हैं, लेकिन यहां प्रभु राम और निषादराज का मिलन हुआ, जो लोग प्रयागराज की पहचान छिपाते थे वो नहीं चाहते थे कि प्रयागराज को नई पहचान मिले। वे नहीं चाहते थे कि भगवान राम और निषदराज के मिलन स्थल को एक पहचान मिले।

योगी ने कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञा ज्ञापित करने के लिए मैं आज यहां निषादराज की जयंती के मौके पर आया हूं। पहले हमें यहां देखने के लिए कुछ भी नहीं था। डबल इंजन की सरकार आने के बाद भगवान राम और निषादराज के मिलन का भव्य पार्क आपको पहचान दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को वैश्विक मान्यता मिली है। प्रयागराज को दुनिया जान गई है। पहले प्रयागराज का परिचय देना हो, तो बताना पड़ता था कि वाराणसी के बगल में है। अब प्रयागराज ने विकास के कई मार्ग खोल दिए हैं। प्रयागराज महाकुंभ की सफलता और उसका पुण्य आप सभी को प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार अपने पूर्वजों की विरासत को भव्य रूप से स्थापित करने का काम कर रही है। महाकुंभ के बहाने आज प्रयागराज समार्ट सिटी से आगे बढ़ गया है। महाकुंभ, के बहाने निषादराज और प्रभु राम का स्मारक, लेअे हनुमान जी कॉरीडोर, अक्षय वट कॉरीडोर, मां सरस्वती कूप कॉरीडोर, पातालपुरी कॉरीडोर, महषि भरद्वाज कॉरीडोर, दशाश्वमेघ कॉरीडोर बनने इसको नई पहचान मिली है। योगी ने कहा कि जिनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव नहीं, वो महाकुंभ का इतना बघ आयोजन नहीं कर सकते। 66 करोघ से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में आए, जो आए अभिभूत होकर गए। दुनिया में कहीं भी जाकर अपना परिचय देंगे कि श्रृंग्वेरपुर से आए हैं तो सिर-आंखों पर बैठाकर स्वागत होगा। अगर सम्मान और पहचान मिल गई तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होता। पिछली सरकार इसी पहचान को समाप्त कर रही थी।

### यह वक्फ बोर्ड है या भूमाफिया

शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। जब हम महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे थे तो वक्फ बोर्ड कैसा प्रयागराज में कुंभ की भूमि को वक्फ की मनमाना बयान दे रहा था। वक्फ बोर्ड के नाम उन्होंने प्रयागराज के साथ अन्य शहरों में भी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि ये बोर्ड क्या माफिया बोर्ड हो गया है। माफिया अब प्रदेश मे नहीं चल सकते। माफियाओं को तो हम पहले ही प्रदेश से विदा करा चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश में माफियागीरी नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड के मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभारी जताया और कहा लोकसभा में एक महत्वपूर्ण अधिनियम पारित करके कल्याणकारी कार्य किया। आज इसे राज्यसभा में भी परित कर दिया जाएगा। योगी ने कहा कि आज सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि के चेक सौंपे गए हैं। 1400 मत्स्य पालकों के खाते में करोड़ों रुपए सरकार ने भेजे हैं।

# आरोप साबित करें या अनुराग माफी मांगें: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ मैं झुकने वाला नहीं इस्तीफा भी दे सकता हूं


राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग ठाकुर द्वारा कल लोकसभा में वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप पर गुरूवार को सदन में भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ठाकुर इसके लिए माफी मांगे नहीं तो अपने आरोप को सही साबित करें।

खड़गे ने गुरुवार की सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर ठाकुर की टिप्पणी पर अपना रोष जताते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर इस टिप्पणी को वापस ले लिया गया था, लेकिन इससे उनकी छवि को जो नुकसान होना था हो गया। इसको लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया है लेकिन सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में यह चल रहा है। उन्होंने राजनीति में अपने लंबे करियर का हवाला दिया और निराशा व्यक्त की। उन्होंने माफी की मांग की और कहा कि अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वे आरोप साबित कर देते हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि यह साबित किया जाना चाहिए कि वह या उनके परिवार के सदस्यों ने किसी वक्फ जमीन पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा कि वह डरते नहीं हैं और विधानसभा में पहले की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं, जहां मुख्यमंत्री ने उनसे माफी मांगी है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के नेता ठाकुर की ओर से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोपों से वह झुकने वाले नहीं है। वह झुकेंगे नहीं बल्कि टूट जाएगे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेज रिजिजू कुछ कहने लगे तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्राईन बोलने लगे जिस पर रिजिजू बैठ गए। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि टिप्पणियों को हटाना कोई उपाय नहीं हो सकता। उन्होंने हाल ही में समाजवादी पार्टी के सदस्य रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि संसदीय संस्था के सम्मान में कुछ हटाया जाता है, तो किसी भी सदस्य को इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने से बाजार हलकान

मुंबई, वार्ता



■ आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार हलकान रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31 प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही, वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के नौ समूह में गिरावट का रुझान रहा। इससे फोकस्ड आईटी 4.13, आईटी 3.78, टेक 2.85, सीडी 0.24, ऊर्जा 0.38, ऑटो 1.14, धातु 0.99 और तेल एवं गैस 0.59 और रियल्टी समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं हेल्थकेयर 1.82, यूटिलिटीज 2.44 और पावर समूह के शेयर में 1.83 प्रतिशत तेजी रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.36, जर्मनी का डैक्स 1.94, जापान का निक्केई 2.77, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 806 अंक का गोता लगाकर 75,811.86 अंक पर खुला।

## ईपीएफओ में दावा निपटान को चेक प्रति की आवश्यकता नहीं

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दावा निपटान प्रक्रिया को सरल बनाते हुए चेक लीफ या बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की जरूरत को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा यूएएन के साथ बैंक खाता विवरण जोड़ने के लिए नियोक्ता की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि ईपीएफ सदस्यों के लिए जीवनयापन की सुगमता और नियोक्ताओं के लिए व्यवसाय को आसान बनाने की दिशा में ईपीएफओ ने अपनी दावा निपटान प्रक्रिया में दो प्रमुख सुधार किए हैं। इन उपायों से दावा निपटान की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और दावा खारिज होने से संबंधित शिकायतों में भी कमी आएगी।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार में भारी गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 32 रिंगिट गिरकर 4810 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट के साथ 47.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना, दाल चना और अरहर दाल में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400- 4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भाजपा के जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुराजत हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ट्रम्प टैरिफ:....**

ऑस्ट्रेलिया पर 10 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, तुर्की पर 10 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और कोलंबिया पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये शुल्क सभी उत्पादों पर लगाए गए 10 प्रतिशत आधार आयात शुल्क के अतिरिक्त होंगे। श्री ट्रम्प ने कहा कि यह कदम उन देशों के खिलाफ लिया गया है, जिन्होंने अमेरिका की नीतियों का अनुचित लाभ उठाया। श्री ट्रम्प ने घोषणा की दो अप्रैल हमेशा के लिए 'लिबरेशन डे' के रूप में जाना जाएगा, जब अमेरिका ने अपने उद्योग को फिर से हासिल किया। हम उन देशों पर वही शुल्क लगाएंगे जो वे हम पर लगाते हैं - रेसिप्रोकल का मतलब है कि जैसा वे करते हैं, वैसा ही हम भी करेंगे। यह इतना ही सीधा है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम इस कदम से अपने रोजगार वापस हासिल करेंगे, अपने उद्योग को फिर से बनाएंगे, अपने छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायों को सशक्त बनाएंगे और हम अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाएंगे। अब अमेरिका में नौकरियां तेजी से आएंगी। व्हाइट हाउस ने संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय एक 'राष्ट्रीय आपातकाल' के कारण लिया गया है, जो लगातार व्यापार घाटे के चलते सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न हुआ है। सभी उत्पादों पर 10 प्रतिशत का 'आधार' शुल्क पांच अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 12:01 बजे (भारतीय समयानुसार 9:30 बजे) से लागू होगा जबकि देश-विशिष्ट उच्च शुल्क नौ अप्रैल को उसी समय से लागू होंगे।

# राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता



■ राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की।

धनखड़ ने गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्य सभा, हमारे संसदीय लोकतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन- बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है, जहां प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्य सभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। संसद हमारे ध्रुव की तरह खड़ी है 'हमारा अटल ध्रुव तारा' जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थाई निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूं। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधाई निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए।

### भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए: राजा वारिंग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने गुरुवार को लोक सभा में शहीदे आजम भगत सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। राजा वारिंग ने शून्य काल में कहा कि बहुत से लोगों को सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है, लेकिन शहीदे आजम भगत सिंह को अब तक न तो शहीद का दर्जा दिया गया है और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। समाजवादी पार्टी की इकरा हसन ने सदन में उनके कैराना संसदीय क्षेत्र में यमुना के घाटों को विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन घाटों पर आने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसलिए इन घाटों को सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। इनके विकसित करने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेंगी, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अनुराग ठाकुर ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसे मिलने का मामला उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कोल्हु मे रस के खोलते कढ़ाहे में गिरने से मजदूर की मौत

## मृतक योगेंद्र उर्फ शौकीन है तीन बच्चों का बाप

■ मृतक को अकेला छोड़ कोल्हू से सभी हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** ग्राम हरिनगर एक गुड कोल्हू में कार्यरत व्यक्ति की खोलते रस के कढ़ाये मे गिरने से मौके पर ही दु:खद मौत हो गयी है जिसकी सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे मे लेकरपरीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया है उधर मृतक कोअकेला छोड़कर कोल्हु देकेदार सहित कोल्हु मे कार्यरत सभी कर्मचारी फरार हो गये थे मृतक की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मचा है तथा गांव मे शौक की लहर व्याप्त है

पुरकाजी अंतर्गत ग्राम हरी नगर निवासी लगभग 38 वर्षीय योगेंद्र उर्फ शौकीन पुत्र जगपाल गांव में ही स्थित गुड कोल्हू पर गुड कारीगर का कार्य करता था।

गुरुवार को जब वह कोल्हू में गुड बनाने हेतु कढ़ाये मे गन्ने का रस पकाने हेतु गर्म कर रहा था इस दौरान गर्म खोलते रस के कढाये पर गिरने से उसकी मौके पर ही दु:खद मौत हो गयी है जिससे कोल्हू मे हडकम्प मच गया तथा शोंकिदर को रसके खोलते कढाये से बहार निकालकर मृतक के शव को वही अकेला छोडकर कोल्हु ठेकेदार प्रतीप निवासी गोधना तथा कोल्हू मे कार्यरत अन्य सभी लोग वहा से फरार हो गये घटना की सूचना किसी ने मृतक के परिवार तथा पुलिस को देने पर पुलिस ने मृतक के शव कब्जे मे लेकर जांच हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

उधर शौकेदर की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार मे कोहराम मच गया तथा गांव मे शोक कि लहर सन्नाटा पसर गया मृतक अपने पीछे (13 वर्ष) (वर्ष) और (8 वर्ष) केतीन बच्चे एवं पत्नी



और माता पिता को रोते बिलखते छोड़ गया है। खोले रस में गिरने से हुई मौत की खबर सुनकर ग्रामीणों के रौंगटे खडे हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन की। घटना के पीछे क्या कारण रहा यह अलग बात है, लेकिन जिसने भी घटना देखी उसी का दिल भर आया।

# नागिन नदी को पुनर्जीवित करने के नाम पर ठेकेदार ने बेच दी एक करोड़ की मिट्टी

■ काम के दौरान सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी खोदकर बेचने के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** क्षेत्र के गांव अंतवाड़ा से निकलने वाली नागिन नदी को पुनर्जीवित करने के चल रहे प्रयासों के तहत बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। जिलाधिकारी के सामने जो कुछ सच सामने आया, उसे देखकर सुनकर जिलाधिकारी भी चौंक गए। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व के प्रयासों में जिस एनजीओ को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी, उसे एनजीओ ने ठेकेदार के माधयम से यहां अनावश्यक मिट्टी खनन कर कर करोड़ों का आर्थिक लाभ कमाया और चला गया, लेकिन नदी आज भी पुनर्जीवित नहीं हो सकी। ग्रामीणों की बात सुनकर जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को उस समय की फाइलें उनके समक्ष पेश करने के निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ग्रामीणों को कहा कि अब मिट्टी खनन व नदी को पुनर्जीवित करने के नाम पर कोई फंड एकत्रित करने का प्रयास नहीं किया जाएगा, बल्कि नदी को पुनर्जीवित ही किया जाएगा।

बताते चलें कि अंतवाड़ा गांव में नागिन नदी का उद्गम स्थल है। यहीं से नदी शुरू होती है, लेकिन बरसों से अनदेखी के चलते यह नदी निकलनी बंद हो गई। पिछले कुछ वर्षों में इस ओर ध्यान दिया गया और प्रयास किए गए कि नदी को पुनर्जीवित किया जाए। इसी के तहत समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारी यहां पहुंचते रहे और अपने-अपने स्तर से प्रयास भी करते रहे, लेकिन नदी के हाल ज्यों के त्यों हैं। करीब चार साल पूर्व नीर फाउंडेशन नाम के एक एनजीओ को नागिन नदी के पुनर्जीवित करने का काम सौंपा गया था। कुछ समय काम करने के बाद एनजीओ नीर फाउंडेशन यहां से चली गई। गुरुवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया यहां निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान एसडीएम मोना. लिसा जौहरी, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता भी मौजूद थी, जब जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ग्रामीणों से पूर्व में किए गए कामों की जानकारी मांगी तो ग्रामीणों से लेकर प्रधान दिग्विजय तक ने यह बताया कि नीर फाउंडेशन आधा अधूरा काम छोड़कर चली गई, जबकि जिस ठेकेदार मस्तराम को नदी के खुदाई का काम करने का ठेका दिया गया था, ग्रामीणों का आरोप था कि उसने यहां से सैकड़ों ट्रॉली मिटी निकाली और बेच डाली। बावजूद इसके नदी में पानी की धारा नहीं आ सका। इस पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने नागिन नदी से संबंधित कार्यों की फाइल अपने समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दे डाले, ताकि सच सामने आ सके। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने साफ तौर पर ग्रामीण व प्रधान को बताया कि न तो अब नदी को पुनर्जीवित करने के नाम पर कोई फंड इकट्ठा किया जाएगा और न ही मिटी खनन होगा। हर हाल में नागिन नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा।

# वैश्य समाज ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

■ बनिया समाज पर बोले गए शब्द की निंदा, कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैश्य समाज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम सिसौली में महासभा के दौरान बनिया समाज को लेकर बोले गए शब्दों पर रोष प्रकट किया है। ज्ञापन में वैश्य समाज ने कार्यवाही की मांग की है।

गुरूवार को वैश्य समाज पुलिस कार्यालय पहुंचा जिनमें कृष्ण गोपाल मित्तल, अभिनव सर्राफ, दीपक मित्तल, सुनील तायल, सचिन सिंघल, शलभ गुप्ता एडवोकेट, सुरेन्द्र अग्रवाल, अमित कुमार एड., शांति राठी, राजीव मोहन गोयल, पवन सिंघल, सत्य प्रकाश रेशू, शिवम राजवंशी, अशोक अग्रवाल, संजय गर्ग, परमार्श मित्तल, श्रवण गोयल, कुलदीप मित्तल, रचित गोयल, नितिन कुमार गोयल, विनोद कुमार, दीपांशु मित्तल, कपिल, अंकुर गोयल ने एसएसपी अभिषेक के नाम एक ज्ञापन सौंपा है।

उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर एक मामला प्रताडित हो रहा है जिसमें युद्धवीर सिंह नामक व्यक्ति बनिया समाज पर गलत टिप्पणी कर रहे है। एसएसपी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

वैश्य समाज ने दिए गए ज्ञापन में कहा कि वैश्य समाज प्राचीन समय से भारत के समाज का महत्वपूर्ण अंग रहा है और वह आवश्यकता के अनुसार स्कूल, कॉलेज, मंदिर, हॉस्पिटल आदि में तन-मन-धन से कार्य करते आए है। उन्होने कहा कि ऐसे समाज के लिए भ्रामक, नकारात्मक तथा समाज को नीचा दिखाने के लिए टिप्पणी की जाना गलत है। उन्होने कहा कि युद्धवीर सिहं द्वारा सार्वजनिक रूप से बनिया समाज के लिए बोले गए शब्दों से बनिए समाज में भारी आक्रोश है।



मुजफ्फरनगर: ज्ञापन देने पहुंचा वैश्य सभा प्रतिनिधि मण्डल।



खतौली: नागिन नदी का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम को ठेकेदार की करतूत बताते लोग।

## चोरी की कार व अवैध असलाह बरामद

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को अलग-अलग घटनाओं में गिरफ्तार कर चोरी की कार व अवैध असलाह बरामद होना बताया है। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि उन्होने वाहिद पुत्र अनीस निवासी लद्दावाला व इरशाद पुत्र मुशर्रफ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नम्बर की एक चोरी की कार बरामद होना बताया है और आरोपी के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद होने का दावा किया है।पुलिस ने दूसरी घटना में वाहिद के कब्जे से अवैध असलाह बरामद करने का दावा किया और पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है।


# सर्राफ की दुकान से नकदी व कुण्डल चोरी

## सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत कैद, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली से सटे सर्राफा बाजार में दिन दहाड़े एक बदमाश सुनार की दुकान में बेखौफ होकर घुसा और करीब तीस हजार के सोने के कुण्डल और गल्ले में रखे हजारों की नगदी चोरी कर ले गया। इस समय सुनार दूसरी मंजिल पर किसी काम से गया हुआ था। सीसीटीवी कैमरों में कैद चोर की फोटो देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के दीपचंद धर्मशाला की गली में रहने वाले मोनू व सोनू ने होली चौक के निकट सुनार की दुकान खोल रखी है। इस



दुकान पर उनके पिता ईश्वर दयाल बैठते थे और उनके स्वर्गवास के बाद दोनो भाई दुकान चलाते है। गुरूवार की शाम करीब पांच बजे दुकानदार किसी काम से ऊपर बनी मंजिल पर चला गया था कुछ देर बाद जब वह दुकान में आया तो गल्ला खुला देखकर वह दंग रह गया।

दुकानदार ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक युवक दुकान के अंदर बेखौफ आता दिखाई दिया और वह गल्ले में रखी करीब चालिस हजार की नगदी और तीस हजार रूपये के सोन के कुण्डल चोरी करता हुआ भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कुछ देर बाद ही यहां आस-पास के दुकानदारों की भीड इकट्ठा हो गई उन्होने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और खुलासे का आश्वासन दिया।

# वक्फ के बेहतर प्रबंधन की जरूरत: कारी खालिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** शाह इस्लामिक लाइब्रेरी के संस्थापक कारी मौहम्मद खालिद बशीर कासमी ने कहा कि सरकार ने बिल संसोधन में वक्फ की सुरक्षा, तरक्की और गरीबों के लिए जो प्वाइंट बिल में शामिल किए है उसका हम समर्थन करते है, लेकिन मुस्लिम समाज और धर्मगुरूओं की आपत्ति पर भी सरकार को विचार करते हुए जांच आयोग बनाना चाहिए। कारी खालिद बशीर कासमी के पास जमीयत उलेमा हिंद के जिला सचिव का पद भी है, जबकि उन्होने अपने बयान में साफ कहा कि यह मेरा निजी वक्त्व है जिससे जमीयत का कोई लेना देना नहीं है। उन्होने कहा कि वक्फ सम्पत्तियों के प्रबंधन में और उपयोग में पारदर्शिता जरूरी है। सरकार को चाहिए कि इसकी गहन जांच करे और जो वक्फ सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा रहे है उनके खिलाफ कार्यवाही हो, हालांकि कारी खालिद ने सरकार से अपील की कि वह वक्फ संसोधन बिल को लेकर सभी पक्षों के सुझाव पर विचार करे और वार्ता के दरवाजे बंद न करे। सरकार को संबंधित पक्षों से बातचीत कर उनके सुझाव को भी सुनना चाहिए।

# आईएमए के टूर्नामेंट में चिकित्सकों ने दिखाई खेल प्रतिभा

## क्रिकेट मैच में टीम सर्जिकल स्ट्राइकर ने कब्जाया विजेता का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आईएमए सदस्य चिकित्सकों के बीच छह टीमों में चिकित्सक और उनके परिवार के सदस्यों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट को यादगार बनाने का काम किया। टूर्नामेंट का खिताब डा. संजीव जैन की टीम सर्जिकल स्ट्राइकर्स ने अपने नाम किया और डा. सहज गर्ग की टीम स्टेथोस्कोप उप विजेता रही।

आईएमए के मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील सिंघल ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अपने सदस्यों व परिवार जन के लिए स्पोर्ट्स वीक का आयोजन करता है जिसमें विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं जैसे कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्केटिंग और शतरंज का आयोजन किया जाता है। इस बार अध्यक्ष डॉ. सुनील चौधरी व सचिव डा. मनोज काबरा के निर्देशन में तीन-दिवसीय संध्याकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट मैग बॉक्स क्रिकेट का आयोजन किया गया जो कि मैग स्पोर्ट्स अकादमी में सम्पन्न कराया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए आईएमए सदस्य 48 डॉक्टर सदस्यों को मिक्स करके 6 टीम बनाई गई। सब मैच नाईट में मैग बॉक्स में कराये गए। इन टीमों को विभिन्न नाम दिए गए और हर टीम को एक कलर की ड्रेस निर्धारित की गई। फाइनल मैच टीम स्टेथोस्कोप, और डा. पंकज सिंह टीम के बीच खेला गया जिनके कप्तान डॉ. सहज गर्ग और टीम स्टीकर्स, जिसके कप्तान डॉ. संजीव जैन रहे टीम सर्जिकल स्ट्राइकर ने प्रतिद्वंद्वी टीम स्टेथोस्कोप को हराकर विजेता का खिताब कब्जाया।

टीम स्टेथोस्कोप उपविजेता रही इससे पहले सेमीफाइनल में टीम मेडिकल मैवेरिक्स जिसके कप्तान डा. मनोज काबरा और दूसरी टीम एंटीबायोटिक एवेंजर्स जिसके कप्तान डॉ. यश अग्रवाल थे, अपना मैच हार गए। इस टूर्नामेंट में सभी टीमों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया। प्लेयर ऑफ थे टूर्नामेंट डॉ. सुजीत रहे। बेस्ट बैट्समैन डॉ. सुजीत, बेस्ट बॉलर डॉ. रवि और डा. असरार चुने गये। बेस्ट फील्डर का खिलाब डॉ. मिनोचा को मिला। अंपायर की यादगार भूमिका डॉ. अविनाश रमाणी, कोविद जैन और गौरव अरोरा ने निभाई। कमेंटेटर्स डा. रीना, डा. दीपक और डा. एससी गुप्ता रहे।

खेलने वाले सभी सदस्यों को अवार्ड देकर समानित किया गया। इस पूरे टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. यश अग्रवाल, डॉ. अनुभव जैन, डॉ. रवि त्यागी, डॉ. विभोर कुशवाहा व डॉ. कोविद जैन थे। क्रिकेट टूर्नामेंट में आईएए के काफी संख्या में चिकित्सक सदस्यों व उनकी फैमिली और बच्चो ने खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन किया व खेल का खूब आंनद लिया। टीम मैग स्पोर्ट्स की तरफ से गौरव अरोरा, अर्जुन, मयूर, अतुल, अर्नव, अनमोल, अजीत का पूर्ण सहयोग रहा।



मुजफ्फरनगर: क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथि।

# वक्फ संशोधन बिल से धार्मिक नुकसान नहीं: अभिनय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोडने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह की विरासत को आगे बढाते हुए रालोद सभी वर्गों के हितों के लिए काम करेगा। अभिनय चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए कहा कि इसे मुसलमानों के खिलाफ नहीं यह बिल धार्मिक नुकसान नहीं पहुंचाएगा, बल्कि कुछ लोग मुस्लिम वोटों की ठेकेदारी के लिए इसका विरोध कर रहे हैं।

युवा अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले दौरे पर निकले अभिनय ने बताया कि वे प्रदेश के सभी जनपदों में संगठन को मजबूत करने के लिए जा रहे हैं। रालोद अभियान चलाकर बूथ स्तर पर युवाओं को जोडने का अभियान चला रहा है, जिसमें एक बूथ पर 10 युवाओं को शामिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को अपनी ताकत बताते हुए कहा कि यह विचारधारा सभी जातियों और



धर्मों की बात करती है। जाट आरक्षण के सवाल पर उन्होंने कहा कि मिलना चाहिए जबकि सिसौली में हुई जाट महापंचायत की अनुपस्थिति के सवाल पर उन्होंने सफाई दी कि किया कि रालोद किसी एक जाति का दल नहीं है, बल्कि सभी समाजों का समावेश करने वाली चौधरी चरण सिंह की विचारधारा पर चलता है। हालांकि, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से जाटों के लिए आरक्षण की मांग का समर्थन किया और कहा जिन्हें आरक्षण की जरूरत है, उन्हें मिलना चाहिए। मैं इसका समर्थन करता हूं। हस्तिनापुर क्षेत्र के अध्यक्ष आसिफ चौधरी, प्रदेश अधयक्ष सचिन चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, लालू जिला अध्यक्ष संदीप मलिक रहे। नितिन बालियान, संजय राठी, सार्थक बालियां, दानिश खान, सुधीर भारतीय ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। रालोद की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अक्षय गुर्जर के अलावा आशीष तोमर, कौशन्द्र भडाना, शिवम पायला, मोनू तोमर आदि शामिल रहे।

# काली नदी पुल से पीनना बाईपास तक 4-लेन हाईवे को मिली मंजूरी

■ करोड़ो की लागत के अन्य कई प्रमुख मार्गों के निर्माण को मिली हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मांग पर शामली रोड काली नदी पुल से पीनना बाईपास तक बहुप्रतीक्षित 4 लेन हाईवे को मंजूरी मिल गई है। जानकारी देते हुए मंत्री कपिल देव ने बताया कि 5 करोड रुपये की लागत से बनने वाले इस हाईवे को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। वे स्वयं इस कार्य को लेकर प्रयासरत् रहे हैं।

बृहस्पतिवार को गांधीनगर



स्थित अपने आवास पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंह और एई को बुलाकर मंत्री कपिल देव ने जानकारी ली और कार्य की गुणवत्ता, अनुरक्षण और समयावधि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री कपिल देव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग से वहलना चौक से वहलना मंदिर तक 2.30 करोड रुपये की लागत से बनने वाले मार्ग, एनएच-58 संधावली से सहावली तक लगभग 1.5 किमी लंबे मार्ग का निर्माण, 2.5 करोड रूपये की लागत से गांधी कॉलोनी सरवट फाटक से मदीना चौक होते हुए रूडकी रोड तक मार्ग का चौडीकरण व सुदृढीकरण का कार्य, गांधी कॉलोनी हनुमान मंदिर से भोपा रोड तक लगभग 6.5 करोड रूपये का कार्य आदि की स्वीकृति हुई है।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों संग बैठक कर मंत्री कपिल देव ने इन कार्यों में तेजी लाने, कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, अनुरक्षण सीमावधि आदि पर गंभीरतापूर्वक ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अन्य प्रस्तावित जनहित के कार्यों पर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा है। मंत्री कपिल देव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास को वचनबद्ध है और वे विशेष रूप से मुजफ्फरनगर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को निरंतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों में घोटाले और भ्रष्टाचार का बोल-बाला रहता था, लेकिन अब योगी सरकार की प्राथमिकता जनसेवा और जनसुविधा है और सरकार इसको लेकर जीरो टोलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ रही है।

# गन्ना आपूर्ती दूसरे मिल को शिफ्ट करने पर किसानों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना चीनी मिल से जुड़े 29 गांव की गंगा सप्लाई खतौली व खाईखेड़ी मिल को शिफ्ट करने को लेकर किसानो मे रोष भड़क गया। सेंकड़ो की संख्या मे किसान इकठा होकर भाकियू के नेतृत्व मे प्रधान प्रबंधक कार्यालय पर पहुंचे और मिल प्रबंधन पर सांठगाँठ करने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। किसानो व भाकियू कार्यकर्ताओं ने निर्णय को वापस लेने की मांग करते हुए देर शाम धरना शुरू कर दिया।

मोरना स्थित दी गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मे गुरुवार को हंगामा खड़ा हो गया भाकियू के नेतृत्व मे प्रधान प्रबंधक कार्यालय पर धरना दे रहे जिला उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र उर्फ़ बिट्टू राठी ने बताया की खतौली व खाईखेड़ा मिलो से सेटिंग कर मोरना मिल का गन्ना शिफ्ट किया जा रहा है। इस समय किसान खेती के कार्यो मे बहुत व्यस्त है।वह इतनी जल्दी मे गन्ने की कटाई नहीं कर सकेगा। और सेंटर पर अव्यवस्था के कारण किसानो मे आपसी मतभेद हो जाने की भी आशंका है। अगर मिल ने हठधर्मिता दिखाई तो किसान जिला. धिकारी के कार्यालय पर गन्ना डाल देंगे।ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी ने बताया की किसानो से बिना पूछे यह निर्णय लिया गया है जिसे स्वीकार नहीं किया जायेगा। अगर गन्ने को शिफ्ट ही करना था तो जनवरी माह मे क्यूँ नहीं किया गया। प्राइवेट मिलो के सेंटर पर घटतौली होगी तथा प्रति कविंटल भाड़ा भी देना पड़ सकता है। मोरना चीनी मिल क्षेत्र के गन्ने को खरीदे और फिर किसी भी मिल को किसी भी भाव बेंच ले।मांग पूरी होने तक भाकियू धरना जारी रखेगी। वहीं प्रधान



प्रबंधक अजय रॉय ने बताया की गर्मी के कारण गन्ने की रिकवरी लगातार घटने लगी है जो 10.80से घटकर 10.40 प्रतिशत रह गयी है। मिल व किसानो के हित मे ही गन्ने को शिफ्ट करने का निर्णय लिया जा रहा है। यह अस्थाई व्यवस्था है। किसान भाई परेशान न हों। इस दौरान अजय कादिपुर, प्रधान दिनेश राठी,धर्मेन्द्र, हरेंद्र, रजत डायरेक्टर, अरुण, मोंटी राठी, अरविन्द, अक्षय,धीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# किताबों के नाम पर पब्लिक स्कूल कर रहे हैं जमकर शोषण

## पब्लिक स्कूल के स्वामी अभिभावकों से वसूल रहे हैं मनमाना शुल्क

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** आज के दौर में अपने बच्चों को पढ़ाना बड़ा कठिन काम हो गया है एक तरफ तो मंहगाई ओर उपर से स्कूलों की मन मानी।

सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन निजी स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है! अधि. कतर जगहों पर अभिभावकों को किताबें स्कूल के अंदर से या मनच. ाही दुकानों पर उपलब्ध कराई जा रही है,अब किताबें बेचने के तरीकों में थोड़ा बदलाव किया गया है।अब यह किताबें मिलने का स्थान स्कूल प्रबंधक खुद बता रहा है।अभिभावक जब बच्चो को दाखिला दिलाने आते है तो अभिभावकों को किस दुकान से किताबें खरीदनी हे यह जानकारी दे दी जाती है।

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी तो यह है कि यह हर वर्ष नए सिलेबस की किताबें लगा रहे है।ऐसे में अगर किसी का बच्चा दूसरी कक्षा में पढ़ता है तो पहली कक्षा वाले बच्चे के काम यह किताबें नही आएंगी वहीं एक अप्रैल से स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है।स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया भी जोरों पर चल रही है।परन्तु आज तक भी शिक्षा विभाग ने किसी भी निजी स्कूल पर कार्रवाई नहीं की है! जबकि अधिकारियों को केवल स्कूल में जाकर छापेमारी से पब्लिक स्कूलों मे किताबों के ढेर मिल जाएंगे!वहीं स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं है।यहां कम शैक्षिक योग्यता वाले अप्रशिक्षित युवक-युवतियों को शिक्षण कार्य में लगाया जाता है।इससे इस तरह के शिक्षकों को कम वेतन देकर इन्ही शिक्षकों से बच्चो को शिक्षा दिलाई जा रही हे।जबकि किताबो में चल रहे कमीशन के खेल पर कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग पूरी तरह फेल नजर आ रहा हे स्कूल खुलते ही शिक्षा माफियाओं ने बच्चो के परिजनों की जेबों पर डाका डालना शुरू कर दिया है।

निजी स्कूलों द्वारा उनके मनच. ाहे प्रकाशकों की कापी किताबें लेने के लिए परिजनों पर दबाव बनाया जाता है और मजबूरीवश अभिभावकों को पब्लिक स्कूलों की बताई जगह से ही किताबें खरी. दनी पड़ती हे क्षेत्र के अधिकांश स्कूल ऐसे हे ।जिन स्कूलों में बच्चो को एनसीईआरटी की किताबें लगानी चाहिए, व निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ने को मजबूर कर रहे है! क्योंकि प्रकाशकों की और से स्कूलों को मोटा कमीशन दिया जा रहा है। इस कमीशन की दर पचास प्रतिशत तक हे किताबें कौन से प्रकाशक की लगेगी यह भी कमीशन पर निर्भर है।और चरथावल क्षेत्र मे नामचीन पब्लिक स्कूलों को बड़ी कमाई का अढा शिक्षा माफियाओ ने बना लिया हे और शिक्षा विभाग आँखे मुदकर खुलेआम अभिभावकों का शोषण होते देख रहा है।

# डुंगर में चलाया गया स्कूल चलो अभियान

**बुढ़ाना।** कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी और प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान 2025 का कार्यक्रम चलाया गया।ध जिसमें ग्राम प्रधान रीटा मलिक, ग्राम पंचायत अधिकारी पुष्पेंद्र, स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्षा उषा मलिक, जागरुक अभिभावक, आंगनवाड़ी व स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद था। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान रीटा मलिक, स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्षा उषा मलिक ने स्कूल में नए प्रवेश कराने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वा. सन दिया। स्कूल प्रभारी व प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि विभाग द्वारा स्कूल के कक्षा 1 व कक्षा 2 का प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण एसेसमेंट कराया गया था। जिसमें स्कूल के पूरे स्टाफ की कड़ी मेहनत के कारण




स्कूल निपुण हो गया। जिसका जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निपुण स्कूल का प्रशस्ति पत्र भी दिया गया है। अप्रैल 2025 के प्रारंभ में किए गए इस अभियान का उद्देश्य समुदायों को संगठित करना, जागरूकता बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। सामुदायिक बैठक शिक्षा के महत्व पर चर्चा करने तथा स्कूल न जाने वाले बच्चों की पहचान करने के लिए स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ना अनिवार्य है। वर्ष 2000 में 06 से 11 व 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए स्कूल चलो अभियान 2025 प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा जुलाई 2000 में शुरु किया गया था।

# तालीमी बेदारी मुहीम के तहत शायरी नाशिस्त कार्यक्रम का आयोजन

## इत्तेफाक राय कमेटी चरथावल की देखरेख में हुआ प्रोग्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बे में इत्तेफाक राय कमेटी चरथावल के जेरे एहतमाम एक तालीमी बेदारी मुहीम के तहत शायरी नाशिस्त का प्रोग्राम मास्टर नवाब इदरीसी के आवास पर सम्पन्न हुआ ।जिसकी सदारत हाफिज साजिद व संचालन तहसीन अली असारवी ने किया।शायरी नशिस्त का आगाज डा.तहसीन समर चरथावली की नात-पाक से हुआद्य शायरी नशिस्त में पढे गये खास कलाम में

डा.तहसीन समर ने कहा कि नबी का नाम लेता जा रहा हू,सुकून ए दिल मुसलसल पा रहा हू,नमाजो से मुहब्बत हो गयी है,मै सजदो में खुदा को पा रहा हू।मोद्गगुफरान ख़्याली ने कहा कि खुद को कमजौर मेरे यार बताता क्यो है

तू अली वाला हे यह बात छुपाता क्यो है है तुझे नारे जहन्नम का अगर खौफ तो फिर अपने मा-बाप के तू दिल को दुखाता क्यो हे तहसीन कमर असारवी-लग गए वह हमें मनाने में लुत्फ आता है रूठ जाने में उड़ के आ जाऊ तुम बुलाओ तो देर लगती है कितनी आने में

डा.तहसीन समर चरथावली-मैं हूं मैरीज ए उल्फत मुझे गम अजब लगा है ला दीजिए कहीं से मेरे गम की गर दवा है

अपनी पतंग उड़ाना रुख देख कर हवा का उस सिमत ही उड़ेगी जिस सिमत की हवा है इनके अलावा मुकीम जावेद व हाफिज साजिद ने भी अपना इजहारे ख्याल किया। इस मोक पर तहसीन अली असारवी ने कहा के इस तरह की कअदबी महफ़िल होती रहनी चाहिए इससे हमारे बच्चे उर्दू जानेंगे व उर्दू समझने का मौका मिलेगा और उर्दू भाषा का विकास होगा।

शायरी नशिस्त में शिरकत करने वालो में मुकीम जावेद साहब दिल्ली पुलिस, हाफिज साजिद,मा. गुल्लू , मा.रिजवान इदरीसी द्धदेहरादूनऋ, फरमान बुढाना, आफताब,मा.नवाब, जरीफ साहब, तहसीन समर चरथावली, गुफरान खयाली, आदि ने शिरकत की ।आखिर मे इत्तेफाक राय कमेटी कमेटी चरखावल के रूकुन जनाब मा. नवाब इदरीसी ने बाहर से आए हुए तमाम मेहमानो का शुक्रिया अदा किया।

## अभद्र टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज में फैला रोष

**बुढ़ाना।** श्री महाराज अग्रसेन युवा समिति बुढ़ाना की एक अति आवश्यक बैठक बुढ़ाना कस्बे के बड़ोत रोड पर स्थित एक फार्म हाउस पर संपन्न हुई। जिसमें विगत दिवस अन्य समाज के एक व्यक्ति युद्धवीर सिंह के द्वारा पूरे वैश्य समाज के विरुद्ध की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज के जिम्मेदार लोगों में भारी रोष दिखाई दिया। यहां पर राजेश संगल ने कहा कि वैश्य समाज युद्धवीर सिंह द्वारा की गई अवोभनीय टिप्पणी से बहुत ही आक्रोशित है। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि युद्धवीर सिंह को सार्वजनिक रूप से अपनी टिप्पणी का खंडन करना चाहिए और वैश्य समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा नगर बुढ़ाना के समस्त वैश्य समाज के द्वारा आगामी 7 अप्रैल को सोमवार के दिन बुढाना कस्बे मे प्रदर्शन कर युद्धवीर सिंह के विरुद्ध बुढाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान हिमांशु संगल, दीपक गर्ग, सुशील तायल, अनुप गर्ग, मनीष मित्तल, चिराग गोयल, अमरीश गर्ग, विक्की गोयल, अखिल संगल, ओजस्व तायल, अर्चित संगल, तुषार गुप्ता, सौरभ गोयल, अनुप संगल पंकज जिंदल, नीरज गर्ग, विपुल संगल, चिंटू कुमार और संजीव बंसल सहित अन्य कई लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## नगर पंचायत बुढ़ाना ने तैयार कराया अंतिम यात्रा वाहन

**बुढ़ाना।** कस्बे में आबादी का क्षेत्रफल काफी बढ़ चुका है। श्मशान घाट और कब्रिस्तान से जो मोहल्ले और कालोनी दूर हैं वहां से अंतिम संस्कार के लिए शव लाने में लोगों को बेहद समस्या का सामना करना पड़ता रहा है। कई किलोमीटर पैदल अथह्न लेकर चलने से दिवगंत के दु:खी परिवार की परेशानी और बढ़ जाती थी लेकिन नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कस्बे की इस समस्या को दूर करने के लिए बड़ा काम किया है। नगर पंचायत ने अंतिम यात्रा वाहन को तैयार कराया और ये वाहन नगर पंचायत कार्यालय में पहुंच गया है। दरअसल कस्बे के लोगों ने शव वाहन की मांग चेयरपर्सन से की थी। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने पद धारण करने के बाद से ही इस बाबत प्रयास शुरू कर दिए थे। चेयरपर्सन ने इस समस्या के समाधान के लिए एक बहुत ही शानदार योजना बनाई। दरअसल नगर पंचायत में एक वाहन कई सालों से खड़ा था। जिसका कोई प्रयोग भी फिलहाल नहीं था चेयरपर्सन के निर्देश पर नियम अनुसार उक्त वाहन को मोडीफाइड कराने का कार्य किया। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि विकास व जनहित में बेहतर काम करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

# आईटीआई रोजगार मेले में18 छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोपा मार्ग पर ककराला गांव मे स्थित चौ. कदम. सिंह मेमोरियल आईटीआई कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें साक्षात्कार के आधार पर विभिन्न ट्रेड के लिए 18 छात्रों का चयन किया गया। रोजगार मेले में पोलिमेडिकेयर लि0 तथा सनडेन विकास प्रा0 लि0 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

गुरुवार को रोजगार मेले का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रबन्धक सचिन सरोहा ने कहा कि बिना संघर्ष सफलता नहीं मिलती। निजी क्षेत्र में व्यवहार और कौशल दक्षता का अहम स्थान होता है। छात्र अपने कौशल और व्यवहार से बडे से बडे लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज रोजगार मेले के माध्यम से छात्रों को भविष्य के रास्ते खोलने का अवसर मिला है। छात्रों को परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्ति होती है। रोजगार मेले में 58 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से साक्षात्कार के आधार पर 18 छात्रों विक्की खाईखेडी, अयान वजी. राबाद, दीपांशु टन्ढेडा, सागर इलाहाबास,

अंकित चौरावाला, प्रयास सिकन्दरपुर, हिमांशु खाईखेडी, अनिकेत छछरौली, लक्षित राठी छछरौली, विजय सिकन्दरपुर, कृष्ण भारद्वाज मु0नगर, आरिस वजी. राबाद, समीर वजीराबाद, निशांत तोमर घटायन, सोनू भोपा, सिद्धार्थ मोरना, आदर्श रहमतपुर, सक्षम सिकन्दरपुर का चयन किया गया। रोजगार मेले में हरियाणा से



पोलिमेडिकेयर लि. व सनडेन विकास प्रा. लि. कम्पनियों की ओर से एचआर मैनेजर आशीष गुप्ता, सहायक फरहा सिद्दीकी तथा पलविन्दर सिंह ने प्रतिभागी छात्रों का साक्षात्कार किया। कॉलेज प्रधानाचार्य विशाल रोशवाल ने कम्पनियों का आभार प्रकट करते हुए चयनित छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# चरित्रहीन को वेद भी पवित्र नहीं कर सकते :सुरेंद्र

**मुजफ्फरनगर।** चरित्रहीन व्यक्ति को वेद भी पवित्र नहीं कर सकते। उक्त विचार ग्रीनलैंड मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल मुजफ्फरनगर के नए सत्र के शुभारंभ पर यज्ञ के ब्रह्मा एवं विद्यालय प्रबंधक योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिसका धन चला गया समझो कुछ नहीं गया लेकिन जिसका स्वास्थ्य चला गया।

समझो उसकी कुछ हानि हुई परंतु जिसका चरित्र बिगड़ गया उसका सर्वनाश हो गया। उत्तम चरित्र बच्चों की सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए हमारा कर्तव्य है कि यज्ञ और योग को जीवन में अपना कर मानव जीवन को धन्य बनाएं। बालकों के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि वह 25 वर्ष की आयु तक अपने स्वास्थ्य और उत्तम शिक्षा को पाने में अपनी पूरी शक्ति लगाएं। उत्तम शिक्षा प्राप्त करना बालक एवं बालि. काओं का मुख्य लक्ष्य है इसके



अतिरिक्त अन्य सभी कार्य उनके लिए गौण हैं। जो बच्चे अपने माता-पिता और गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हैं और उनका सम्मान करते हैं उनके जीवन में चार चीजें विद्या, यश, बल और कीर्ति सदैव बढ़ती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों के ऊपर फूल बरसा कर उन्हें विद्या ,मेधा बुद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा लंबी आयु का आशीर्वाद दिया। सर्वप्रथम योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने बच्चों को योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान करवाया ,तत्पश्चात वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुति डालकर सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। यज्ञ के यजमान बच्चों एवं अध्यापकों को यज्ञोपवीत धारण करवाया गया।

# संचारी रोगों से बचने के लिए छात्राओं को किया जागरूक

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढाना कस्बे की मोर वाली प्याऊ के समीप स्थित शिक्षण संस्था आर्य कन्या इंटर कॉलेज में प्रार्थना स्थल पर गायत्री मंत्र, प्रार्थना और राष्ट्रीय गान के पश्चात आज के समाचार पत्र की मुख्य खास खबरों को पढ़कर सुनाया गया और आज का सुविचार भी प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि आदमी काम की अधिकता से नहीं बल्कि उसे भार समझकर अनियमित रूप से करने पर थकता है। तत्पश्चात व्यायाम कराया गया। संचारी रोगों के विषय में प्रधानाचार्या प्रमेश कुमारी ने बताया कि संचारी रोग क्या है और इनसे किस प्रकार बचा जा सकता है। उन्होंने ये भी का कि संचारी रोगों से बचने के लिए अपने घरों में मच्छरदानी का प्रयोग जरुर करें। मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए



अपने घर मे कूलर का पानी भी समय समय पर बदलते रहें। इसके बाद सैंकडों छात्राओं के द्वारा कालेज के आसपास के एरिये मे एक रैली भी निकाली गई।

जिसमें छात्राओं ने विभिन्न नारों के माध्यम से अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों को संचारी रोगों से बचाने के लिए जागरूक किया। इस रैली को निकलवाने में आर्य कन्या इंटर कालेज बुढाना की सहायक अध्यापिकाओं में अर्चना चौधरी, राखी, सारिका वर्मा, शशि प्रभा आदि शिक्षिकाओं का पूरा योगदान देखने को मिला।

# छात्र ईशिकाने अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में बढ़ाया कॉलेज का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोक. ेशनल स्टडीज मुजफ्फरनगर की छात्र ईशिका त्यागी ने भगंवन्त इन्टीटडूट ऑफ फार्मेसी, मुजफ्फरनगर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ''ऐ-आई ड्राइविन एकेडमिक्स, इन्डस्ट्री एण्ड स्र्टाटप इकोसिस्टम'' 28 मार्च से 29 मार्च में ओरल प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस शानदार उपलब्धि से कॉलेज की शिक्षा और शोध के उच्च स्तर का प्रमाण मिलता है। ईशिका त्यागी की इस सफलता मे न केवल संस्थान का गौरव बढ़ाया है बल्कि अन्य छात्रें को भी नवाचार और उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया है।

कॉलेज प्रशासन और संकाय सदस्य ईशिका त्यागी की इस उपलब्धि पर हृदय से बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टॉफ, डा. वैशाली, डा. भुवनेन्द्र सिंह, डॉ निशा सिंह, डॉ मंयक चितरांश, मीनू देवी, रितू कौशिक, आसिफ खान, दीपिका, संजीव रतन तिवारी,




कुलदीप सैनी, मौ. जूबैर, नसीम अहमद, मुबास्सिर, अंशु पंवार, प्रभा, निदा बेबी, सुबोध कुमार, विनय कुमार, सना जैदी, सोनू कुमार, अक्षय वर्मा, एलिश, स्मृति माथूर, आस्था, उत्सव गर्ग, अश्वनी, आरिफ, आदि उपस्थित रहे।

# सर्व सम्मति से एल्डर कमेटी के चेयरमैन बने अधिवक्ता भूदेव आर्य

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन खतौली के अधिवक्ता भवन में जनरल हाउस की मीटिंग आहूत हुई जिसमें अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने अपने कार्यकाल में किए विकास कार्यो को गिनाया और पूरे वर्ष सहयोग करने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। महासचिव सचिन आर्य ने बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं के बीच 5 प्रस्तावों को रखा जिसमें से अधिवक्ता हित के कुछ प्रस्तावों को सबकी सहमति से पारित कर दिया गया हैं उन्होंने भी सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कोषाध्यक्ष रामकुमार ने अपने कार्यकाल वर्ष 2024- 25 के आय व्यय का हिसाब सबके सामने रखा ।

आपको बता दें कि तहसील बार एसोसिएशन खतौली की वर्ष 2024-25 के लिए निर्वाचित हुई कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो गया है सभी अधिवक्ताओं की सहमति से वरिष्ठ अधिवक्ता भूदेव आर्य को एल्डर्स कमेटी का अध्यक्ष चुना गया,



सदस्य चतरपाल सिंह ओर मोहम्मद अरशद को बनाया गया हैं। अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह की कमेटी ने एल्डर्स कमेटी को कार्यभार सौंप दिया। एल्डर कमेटी के चेयरमैन भूदेव आर्य ने बताया कि बार एसोसिएशन का चुनाव कोई भी वकील लड़ सकता है बस उस वकील के पास वोटिंग का अधिकार होना चाहिए उन्होंने यह भी बताया कि अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव लड़ने के लिए 25 साल और 15 साल का अनुभव कम से कम होना चाहिए ।

कमेटी के सदस्य मोहम्मद अरशद ने बताया कि वर्ष 2025-26 के चुनाव को करवाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी चुनाव निष्पक्ष तरीके से करवाए जाएंगे। कमेटी सदस्य चतरपाल सिंह ने बताया कि बताया कि खतौली तहसील बार एसोसिएशन का कार्यकाल एक साल का होता है इसका मुख्य उद्देश्य वकीलों के हितों की रक्षा करना है. अगर तहसील में सुविधाओं की कमी है, वकीलों को दिक्कतें आ रही हैं या उनकी शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही है, तो बार एसोसिएशन उनके अधिकारों की रक्षा करता है उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारी वकीलों की समस्याओं को संबंधित अधिका. रियों से बात कर उसका निस्तारण करवाते हैं। ओर तहसील परिसर में काम करने वालों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करते है। एल्डर कमेटी का चेयरमैन नियुक्त होने पर भूदेव आर्य का रामरोशन दास के चौंबर पर सभी अधिवक्ताओं द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। हाउस में वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश आर्य, जितेंद्र त्यागी, राजवीर सिंह, सुभाष चन्द्र, नवाब सिंह, नवीन उपाध्याय, राम चंद्र सैनी, सुलेमान खान, अशोक अहलावत, लाल सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद शर्मा, राजग्रही यादव, राजेश कुमार, वेदप्रकाश उपाध्याय, शकुंतला देवी, मनोज गर्ग, दिनेश कौशिक, रतन सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित त्यागी, आनंद उपाध्याय, सत्यप्रकाश सैनी, सुमित कुमार, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जनहित में निर्णय ले रही है सरकार : शांत प्रकाश

**मोरना।** गांव यूसुफपुर में भारतीय किसान मजदूर संगठन द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन व किसान गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें जन जागरूकता पर बल दिया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह, संरक्षक शांत प्रकाश जाटव, प्रदेश अध्यक्ष वकील राणा रूड़कली, अंकित भारद्वाज खेड़ा, आबाद यूसुफपुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता जीशान कुरैशी आदि ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा के संगठन मजदूर व किसानों की मजबूती से लड़ाई लड़ने का काम कर रहा है। संगठन का काम सरकार से टकराना नहीं सरकार से काम कराना है। संगठन सरकार से काम लेने में सक्षम है। जनता जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सभी वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर बल दिया।

इस अवसर पर मेरठ के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा, गाजियाबाद के किशन ठाकुर, बिजनौर के उमेश कुमार, सहारनपुर के जिला उपाध्यक्ष हाजरा, धर्मपाल, बबलू,मोहसिना चौधरी,हाजरा, हिना,नसीम प्रधान, डॉ नदीम राजाबली, अरशद आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RIZWANA PRAVEEN था अब मैंने अपना नाम RIZWANA PARVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे RIZWANA PARVEEN के नाम से जाना पहचाना जाए।

**रिजवाना परवीन पत्नी मौ. असलम मकान नंबर 1012 कुंगर पट्टी सुजडू मुजफ्फरनगर 251003**

**सूचना**

मैंने अपना नाम कु. मधु खोखर से बदलकर मधु रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**मधु पत्नी पंकज कुमार निवासी 1206/1 सूरज विहार, साउथ सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर ( उत्तर प्रदेश )**

**Name Change**

I have changed my name ANITA KUMARI CHAUDHARY to ANITA CHAUDHARY for all purpose in future. ANITA CHAUDHARY W/O NEELKANT CHAUDHARY, Mangla puri Mandi Shahpur, Muzaffarnagar UP 251318

# तेज करंट से युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** गांव सिकंदरपुर में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बीच एक और दुखद घटना सामने आई है। खेत में काम कर रहे 22 वर्षीय युवक नदीम पुत्र सुक्खा की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई।

इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, नदीम सोमवार की सुबह अपने खेत पर काम करने के लिए गया था। काम के दौरान वह पानी पीने के लिए एक टड्ूबवेल पर पहुंचा, जहां वह 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वह मौके पर ही गिर पड़ा। जब तक परिवार के लोग और ग्रामीण वहां पहुंचे, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। इस हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के शव को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि दो दिनों के अंदर यह दूसरी मौत है, जिससे पूरे गांव में भय और मातम का माहौल बना हुआ है।




नदीम की आकस्मिक मृत्यु से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में हो रहे ऐसे हादसों पर ध्यान दिया जाए और सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाएं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव में कई जगह बिजली के तार खुले में लटके हुए हैं, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। गांव वालों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# एंटी रोमियों ने चलाया मिशन शक्ति अभियान

**बुढ़ाना।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बुढाना कोतवाली की एण्टी रोमियों टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 अभियान चलाया गया। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं से वार्ता कर पंफलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरुक किया। महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व ब्विास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अन्तर्गत पुलिस उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में बुढाना कोतवाली की एण्टी रोमियो टीम द्वारा क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, कॉलेजों, गांवो, कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों आदि के आसपास मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बालि. काओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं हेल्पलाईन नम्बरों ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंफलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया।

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र में वक्फ संशोधन बिल को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जुमे की नमाज के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं।

थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाई जा रही थी कि मुस्लिम समाज के लोग काली पटी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस संभावित स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने ऐहतियाती कदम उठाए हैं। पुलिस एवं पीएसी बटालियन को मीरापुर के संवेदनशील इलाकों में तैनात किया गया है। विशेष रूप से शाही जामा मस्जिद, ठाकुर वाली मस्जिद, कमलयान मस्जिद और कस्बे की अन्य प्रमुख मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अरशद कश्मीर से भी मुलाकात की।

इमाम ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समाज किसी भी तरह के आंदोलन या विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होगा। उन्होंने बताया कि कस्बे के तमाम मस्जिदों के इमामों को भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इमामों से कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में समुदाय के लोगों को समझाएं और किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक जानकारी से बचने की सलाह दें। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां संदेह. जनक लगती हैं तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यतेंद्र सिंह नागर, एसडीएम जानसठ और अन्य प्रशास. निक अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ पूरे दिन मीरापुर में गश्त करते रहे। विभिन्न इलाकों में सुरक्षाबलों की तैनाती सुनिश्चित की गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह तैयार हैं। मीरापुर कस्बे में फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, और पुलिस लगातार सतर्क बनी हुई है। प्रशासन आम नागरिकों से संयम और समझदारी से काम लेने की अपील कर रहा है ताकि क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे।

# आईपीएस ने बच्चों को पुरुस्कृत करते हुए आगे बढ़ने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** गांव नंगला राई स्थित कम्पोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि एएसपी राजेश घुनावत ने मेधावी बच्चों को पुरुस्कृत करते हुए आगे बढ़ने के टिप्स दिए।

चरथावल ब्लाक के गांव नंगला राई स्थित कम्पोजिट विद्यालय में गुरुवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुए जिसमें एएसपी राजेश घुनावत,इंस्पेक्टर जसवीर सिंह,एसआई राजेश सिंह आदि ने शिरकत की।कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का प्रधानाध्यापक मास्टर मौद्गइकराम ने स्वागत किया।आईपीएस राजेश घुनावत व इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने हर कक्षा के 3 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में स्कूल का नाम रोशन करते वाले बच्चों में अटल आवासीय योजना में चयनित हुई रश्मि पुत्री मुनेश,विद्या ज्ञान इंटनेशनल पब्लिक में चयनित हुए आरिस व एएनएमएस छात्रवृत्ति में चार बच्चों के चयन पर सभी को सम्मानित किया।गया।कार्यक्रम में पहुंचे आईपीएस राजेश घुनावत को प्रधानाध्यापक मास्टर मोहम्मद इकराम ने स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया वहीं आईपीएस राजेश घुनावत ने बच्चों को आगे बढ़ाने के टिप्स दिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## एसपी देहात ने किया विवेचकों का अर्दली रुम

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं, महिला संबंधी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी कर निस्तारण के आदेश दिये और अवैध धंधाों की रोकथाक व उनसे जुडे लोगों की गिरफतारी के साथ हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करने के आदेश भी दिये है। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने का आदेश दिया तथा महिला सम्बन्धी अपराध को गंभीरता से लेने के लिए कहा और पैट्रोलिंग करने, गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14 1 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही किये जाने, अवैध खनन, पशु, वन, भूमाफियाओं को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने के आदेश भी दिये है।

# दूर रहकर भी संसद में छा गये बुढाना के शायर अजहर

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** मशहूर फिल्म स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद अगर कस्बा बुढाना से किसी ने पूरे ब्विव में शोहरत हासिल की है तो दूसरे नंबर पर युवा शायर अजहर इकबाल का ही नाम आएगा। अजहर इकबाल आज वास्तव में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

उनका बीते कल से विश्व पटल पर छा जाना बुढ़ाना कस्बेवासियों के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं है। दरअसल उनका एक मशहूर शेर है। जिसके कुछ बोल यह हैं कि गाली को प्रणाम समझना पड़ता है, मधुशाला को धाम समझना पड़ता है, आधु. निक कहलाने की अंधी ज़िद में, रावण को भी राम समझना पड़ता है। इस शेर को बीते कल संसद में वक्फ बिल विधेयक पास होने के दौरान झारखंड राज्य की राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद, कोयला, खान और इस्पात समिति व गृह मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य विजय कुमार हांसदा ने पढ़ा। जिसे सुनकर काफी सांसदों ने वाह वाह की और यहां तक देश के गृह मंत्री अमित शाह इस शेर को खूब मुस्कुराए।

इस शायरी को लिखने वाले बुढाना कस्बे के अजस्र इकबाल हैं। उनके प्रशंसक इस शायरी को संसद में सुनाई जाने पर फूले नहीं समा रहे हैं और उनके काफी शुभचिंतकों ने उनको फोन पर इसके लिए बधाई भी दी कि अजहर भाई आपका शेर आज एक सांसद के द्वारा उस समय पढ़ा गया जिस समय पूरे देश की निगाहें वक्फ बिल संसोधन विधेयक पर संसद बहस पर लगी हुई थी। अजहर इकबाल बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा छोटा बाजार के निवासी हैं। वे अब तक कई बड़े बड़े कवि सम्मेलनों और मुशायरों में भाग ले चुके हैं और अपनी अमिट छाप छोड़ चुके हैं। ज्यादातर मंच संचालन का जिम्मा इन्हीं को दिया जाता है।

अजहर इकबाल कपिल शर्मा के शो में कई बार नजर आ चुके हैं। यहां तक लाल किले पर होने वाले कवि सम्मेलनों के अलावा अन्य स्थानों पर अपने कलाम पेश कर भारत देश का नाम विदेशों में भी रोशन कर चुके हैं। उनके बड़े भाई काजी नदीम ने बताया कि छोटे भाई अजहर इकबाल ने बुढाना कस्बे का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रखा है। इसके लिए लोग उनको भी समय समय पर बधाईयां देते रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आज बंद रहेगी जानसठ रोड फीडर की लाईन

**मुजफ्फरनगर**।33/11 केवी जानसठ रोड उपकेंद्र की 33 के वी लाइन में बिजनेस प्लान के अंतर्गत 33 केवी सी टी रखने का कार्य जानसठ रोड बिजली घर के सभी 11।अ फीडर बंद रहेंगे जिसमें क्षेत्र द्वारका सिटी, ।20 कॉलोनी गुलशन विहार पारस वसुंधरा मीनाक्षीपुरम गुलशन विहार महालक्ष्मी इनक्लेव अलमासपुर आदि, की विद्युत आपूर्ति आज प्रातः 10:00 से 12:30बजे तक बाधित रहेगी।

### डीआईजी ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गोष्ठी



**मुजफ्फरनगर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद में कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे सहित समस्त क्षेत्रधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह स्वंय व अपने अधिनस्थ अधि0/कर्मचारीगण के साथ प्रमुख चौराहो, बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रें में पुलिस बल व दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ नियमित रुप से फ्लैग मार्च करते रहे तथा धर्मगुरुओं/संभ्रान्त/स्थानीय व्यक्तियों से निरन्तर वार्ता कर उनसे पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने, किसी भी प्रकार की भडकाऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करने, कानून विरोधी गतिविधि का हिस्सा न बनने की अपील करें।

### 10 मुस्लिमों ने अपना सनातन धर्म

**मुजफ्फरनगर ।** योग साधना यशवीर आश्रम बघरा में गुरुवार को देवबंद के रहने वाले 10 मुस्लिमों ने इस्लाम मजहब को छोड़कर सनातन धर्म में घर वापसी की। ये कश्यप राजपूत परिवार गुरुवार सुबह आश्रम पहुंचा और स्वामी यशवीर महाराज से शुद्धिकरण यज्ञ की व्यवस्था करने का आग्रह किया।आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज और आचार्य मृगेन्द्र ब्रह्मचारी ने वेद मंत्रें के साथ शुद्धिकरण यज्ञ संपन्न कराया। परिवार ने श्रद्धा और आस्था के साथ घी और सामग्री की आहुतियां दीं। इस दौरान परिवार के 10 सदस्यों ने अपने इस्लामिक नाम त्यागकर हिंदू नाम अपनाए। परिवार की मुखिया फेमिदा द्धराजकुमारी कश्यपत्र्ञ और उनके बेटे बृजेश कश्यप ने इस घर वापसी पर प्रसन्नता जताई। यज्ञ के बाद सदस्यों पर पुष्प वर्षा की गई और उनका भव्य स्वागत हुआ।पूरे रीति रिवाज से मंत्रेच्चार के साथ फेमिदा के परिवार के 10 सदस्यों की हिंदू धर्म में वापसी हुई है। परिवार की मुखिया फेमिदा राजकुमारी कश्यप बन गई है। उसका बेटा दिलजान बृजेश कश्यप और उसकी पत्नी महक कविता बन गई है।

# गंगा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गंगा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को पुरूस्कार एवं प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, पीएनबी मोरना के प्रबन्धक विकास कुमार सिन्हा व डॉ. रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया।

प्रबंधक बिजेन्द्र उपाध्याय ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि कक्षा आठ में क्रमशः शिफा, अलीशा, निशान्त, कक्षा सात में रिया, वर्णिका, अनम, कक्षा छः में विनय, शिवा, मौ. जैन, कक्षा पांच में रमा, फलक जहां, ईशू, कक्षा चार में माही, अनन्या, सृष्टि, कक्षा तीन में प्रतीक चौहान, अवनी, कोमल, कक्षा दो में फैजान, सैफ, असद, कक्षा एक में नैतिक चौहान, सादिक, परी, सुबोधनी, कक्षा यूकेजी में ऋषभ, साजिया, अक्षी, कक्षा एलकेजी में ईशा, यश, अमरीत, कक्षा नर्सरी में मानवी, रूही, देव कुमार ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन पर अतिथियों ने छात्र छात्राओं को पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ओमपाल सिंह चौहान, राजेन्द्र धीमान, सतपाल गायक, प्रधानाचार्या निशा रानी, तानिया, ज्योति धीमान, सोनिया, मीनाक्षी, अविनाश, योगेश कुमार, सुशील, राजकुमार, विनीत उपाध्याय, संतोष देवी, भावना आदि मौजूद रहे।



**मोरना।** गंगा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में पुरस्कार लेकर खुशी जाहिर करते बच्चे।

## किसान की भैंस चोरी होने से चौरावाला में हड़कंप

**मोरना।** चौरावाला गांव मे देर रात चोरो ने किसान की दो कीमती भैंस को चुरा लिया। पशु चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देकर पशुओं की बरादगी की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी सालिम पुत्र शब्बीर ने बताया की उसका परिवार मकान की दूसरी मंजिल पर रहता है। नीचे पशु बंधे रहते हैं। गुरुवार की सुबह सवेरे जब वह पशुओ को चारा खिलाने के लिए गया तो सन्न रह गया। खून्टे से बँधी दो भैंस को उसने गायब पाया। सालिम ने ग्रामीणों संग मिलकर घंटो पशुओं की तलाश की। किन्तु भेंसो का कोई पता नहीं चल सका। सालिम ने बताया की एक भैंस दुधारू तथा दूसरी ज्ञाभिन है दोनों क़ीमत दो दो लाख से अधिक है। पशु चोरी की घटना से गांव मे हड़कंप मच गया।

# एसडीएम ने क्षेत्र के लोगों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसडीएम राजकुमार भारती ने पूर्व दिनों की भांति बृहस्पतिवार को भी अपने कार्यालय में बैठकर तहसील क्षेत्र के कई फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुन उनका त्वरित निदान करने के लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया। एसडीएम ने कार्यालय में आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया। जिससे कुछ लोगों को समय पर न्याय मिला। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। एसडीएम ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रशासन की प्राथमिकता है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित और न्यायसंगत समाधान हो। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को भी परखा। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 14 दिन के अंदर ही बाकी गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेने और प्राथमिकता के आधार पर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।



# छात्रों का वर्चुअल लैब प्रोजक्ट प्रशिक्षण पूर्ण होने पर किया स्वागत



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग में तृतीय वर्ष में अध्ययरत छात्रों अवि गुप्ता, संकल्प शर्मा, उत्तम कुमार व अंनत कुमार द्वारा आईआईटी रूड़की से वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट प्रशिक्षण पूर्ण करने पर कालेज प्रबन्धन की ओर से उनका स्वागत किया गया। अनुभव कुमार (सचिव) ने छात्रों को उनके भविष्य के लिये शुभाशीष देते हुये कहा कि आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का योगदान अत्यधिक बढ़ चुका है। वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट इंटर्नशिप, एक ऐसा अद्वितीय अवसर है, जो छात्रों को डिजिटल शिक्षा और व्यावसायिक दुनिया से जुड़ने का मौका देता है। इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपने ज्ञान को विस्तार दिया, बल्कि उनके तकनीकी कौशल में भी सुधार हुआ। हमें हमारे सम्मानित छात्रों का आज स्वागत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जिन्होंने अपनी वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी की है। इस इंटर्नशिप के दौरान, छात्रों ने विभिन्न तकनीकी प्रोजेक्ट्स पर काम किया, जिससे उन्हें नए-नए विचारों को अपनाने और जटिल समस्याओं का समाधान ढूँढने की क्षमता प्राप्त हुई। वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट इंटर्नशिप न केवल छात्रों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि यह उन्हें टीम वर्क, समय प्रबंधन और समस्याओं के समाधान की दिशा में भी प्रशिक्षित करती है। इसके द्वारा छात्र कार्यस्थल की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

# अल्पसंख्यक स्कूल विकास मंच में ईद मिलन समारोह सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** अल्पसंख्यक स्कूल विकास मंच, जो कि 82 स्कूलों का एक मुअज़्ज़िज़ (प्रतिष्ठित) तालीमी तंज़ीम (शैक्षिक संगठन) है, ने ईद मिलन समारोह को निहायत शान-ओ-शौकत और पुरवकार अंदाज़ में मुनक्किद किया। जिसमें समाज के नामवर शख्सियतों, ताल. ीमी माहिरीन (शिक्षा विशेषज्ञों) और मशहूर समाजी रहनुमाओं (सामाजिक नेताओं) डॉ सम्राट हकीम लुकमानी मान्यता प्राप्त स्कूल संघ से प्रवेंद्र दहिया अनिल कुमार शास्त्री चंद्रवीर समाजस. ेवी मनीष चौधरी विकास बालियान डॉ राजीव कुमार प्रोफेसर अमित,के साथ साथ सैकड़ों गणमान्य लोगों ने शिरकत फरमाई।महफ़िल का आग़ाज तिलावत-ए-क़ुरआन से हुआ, जिसके बाद नात-ए-पाक पेश की गई। इस मौके पर अल्पसंख्यक स्कूल विकास मंच के सदर (अध्यक्ष) मरग़ूब इलाही ने अपने खिताब में कहा कि ईद सिर्फ एक तिहार त्योहार नहीं, बल्कि भाईचारे, मोहब्बत और एकता का पैग़ाम है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तालीम शिक्षा हमारी सबसे बड़ी ज़रूरत है और अल्पसंख्यक स्कूल इस मैदान में एक अहम किरदार अदा कर रहे हैं।ज़िला सदर मौलाना शाहबाज़ ने तालीम की अफ़ादियत द्धमहत्वत्र्ञ पर रोशनी डालते हुए कहा कि इल्म (ज्ञान) ही वह दौलत है जो इंसान को तरक्की की राह पर गामज़न करता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अल्पसंख्यक समाज को तालीमी मैदान में आगे बढ़ना होगा, ताकि आने वाली नस्लें एक रोशन मुस्तक़बिल (उज्जवल भविष्य) की तरफ़ बढ़ सकें।उपाध्यक्ष साजिद हसन त्यागी ने कहा कि स्कूलों का यह संगठन सिर्फ़ तालीमी बेदारी (शैक्षिक जागरूकता( तक महदूद नहीं, बल्कि समाजी इस्लाह (सामा. जिक सुधार) के लिए भी मुतहर्रिक (सक्रिय) है। महासचिव जहांगीर आलम ने अपने खिताब में इस बात को वाज़ेह किया कि बच्चों को बेहतर तालीम और अख़्लाक़ी तरबियत (नैतिक शिक्षा) देने की सख़्त ज़रूरत है। सचिव गय्यूर जब्बार और कोषाध्यक्ष रिज़वान गौर ने तंजीम की (कार्यप्रणाली) पर रोशनी डालते हुए कहा कि अल्पसंख्यक स्कूलों को मजबूती देने के लिए यह मंच पूरी तवज्जो से काम कर रहा है। सीनियर मेंबर डा. अरशद सम्राट ने तालीम और समाजी खिदमत के ताल्लुक़ से अपने तजुर्बात साझा किए।इस पुरनूर महफ़िल में बच्चों ने तालीमी ड्रामे, नात और तक़रीर पेश किए, जो बेहद दिलचस्प रहे। खास तौर पर तालीमी ड्रामों ने यह पैग़ाम दिया कि इल्म से बढ़कर कोई दौलत नहीं। मेहमानों के लिए शानदार लज़ीज़ खाने और शरबत का इंतज़ाम किया गया, जिससे महफ़िल और भी रौनकदार बन गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र सं. 10579/22.10.2018 में नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम शिव्यांश बालियान अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**दीपक कुमार ग्राम अलमासपुर जिला मुजफ्फरनगर**

**खोया-पाया सूचना**

मेरी यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2018 जिसका अनुक्रमांक 0648722 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 जिसका अनुक्रमांक 0465046 है, के अंक/मूल पत्र (संस्थागत) वास्तव में कहीं खो गये हैं।

**अक्षित त्यागी पुत्र श्री प्रमोद त्यागी**, निवासी: म0नं0 786/22, दक्षिणी रामपुरी निकट परशुराम शिव मन्दिर जिला मुजफ्फरनगर।

**उत्तर रेलवे**

**"एक स्टेशन एक उत्पाद" योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) कुल दस (12) स्टॉलः दिल्ली, रोहतक, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, करनाल, गन्नौर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, मुजफ्फरनगर, पानीपत, पटौदी रोड और गुड़गांव स्टेशनों पर।

ख) कुल सात्रह (34) ट्रालीः जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकोती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सापला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनो पर।

- रोहतक, करनाल, गन्नौर, मुजफ्फरनगर, गुड़गांव, पटौदी रोड से मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकोती टांडा और परतापुर) स्टेशनो के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.04.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023.pdf पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1010/25

# ग्लोबल वार्मिंग का असर, शामली में अप्रैल में कहां से आई गर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किए रखा। सवेरे से ही आकाश में तेज धूप के साथ सूर्यदेव ने दस्तक दी थी। तेज धूप के कारण सडकों पर लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। आलम यह हो गया है कि चिल्ल. चलाती धूप में शरीर झुलस रहा था और सडके वीरान नजर आई।



पिछले तीन दिनों से सवेरे मौसम ठंडा और दोपहर में भीषण गर्मी से लोग परेशान है। गुरूवार को अचानक तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को हाल बेहाल कर दिया। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 35 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया। सवेरे से ही आकाश में तेज धूप के साथ सूर्यदेव ने दस्त दी। जैसे जैसे सूर्यदेव आकाश की ओर बढते गए वैसे वैसे तेज की तपिश तेज होनी शुरू हो गई थी।

दोपहर 11 बजे से ही तेज धूप के कारण लोगों का सडकों पर निकलना मुश्किल हो रहा था। तेज धूप लोगों के शरीर को झुलसा रही थी। तेज धूप से निजात पाने के लिए लोग घरों से बाहर सिर पर गंम्छा रखकर या छाता लेकर निकले। गर्मी के कारण लोगों के हलक भी सूख रहे थे, जिस कारण गन्ने के रस, जलजीरा, नीबू पानी और कोल्ड्रिंग व जूस की की दुकानों पर लोगों की भीड लगी रही। वही चिकित्सकों ने भी अचानक बढते गर्मी के प्रकोप को देखते हुए चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

## हीट वेव से बचाव को अधिकारियों ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम न्यायिक परमानन्द झा की अध्यक्षता में बढती गर्मी को देखते हुए हीट वेव से बचाव के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव के कारण हीट वेव से होने वाले नुकसान व बचाव, राहत कार्य को समय-समय मॉनिटर किए जाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एडीएम न्यायिक परमानंद झा ने कहा कि विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए विभागवार अपनी-अपनी तैयार करे। जनपद की हीट वेव कार्य योजना-2025 तैयार शासन को उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग का दायित्व जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना एवं ग्रामीण स्तर के कार्यकर्ताओं को अलर्ट जारी करना है। सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन सूचना जारी करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात की जाए। 108, 102 व अन्य आपातकालीन सेवाएं सक्रिय करे। अस्पतालों एवं हेल्प सेंटर्स में पावर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाए। सभी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी में ओआरएस और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था रखी जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को हीट-वेव से किसी भी प्रकार की घटना होने पर 24 घंटे क्रियाशील रहने के लिए निर्देशित किया जाए। कहा कि परिवहन विभाग का दायित्व, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीमों की तैयारी एवं पीने के पानी तथा यात्रियों के लिए लू से बचाव की उचित व्यवस्था कराना है। जिला आपदा विशेषज्ञ नेहा दुबे द्वारा हीट वेव जागरूकता संबंधित पोस्टर आदि सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराए गए। आईईसी मटेरियल व ऑडियो वीडियो का व्यापक रूप से जागरूकताध्प्रचार प्रसार करने की अपेक्षा की गई जिससे हीट वेव के प्रभाव को न्यून किया जा सके। मौके पर एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अश्वनी कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वक्फ संशोधन अधिनियम वापस लेने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आवाम-ए-हिन्द पार्टी के पदाधिकारियों ने देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा गया, जिसमें वक्फ संशोधन अधिनियम वापस लिए जाने की मांग की है। गुरूवार को डीएम कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम दिए 9 सूत्रीय ज्ञापन में कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम वापस लिया जाए। धार्मिक स्थल अधिनियम 1991 प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। जिससे सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों को यथा स्थिति बनाए रखा जाए। उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को 300 यूनिट घरलू बिजली मुफ्त दिया जाय। थानाभवन शुगर मिल का सम्पूर्ण भुगतान तत्काल कराया जाए। महापुरुषों पर अमर्यादित टिप्पणी करने वालो के खिलाफ रासुका की कार्यवाही की जाए। उत्तर प्रदेश के सभी मजदूरों को 5000 रूपए प्रति माह मजदूर सम्मान निधि के रूप में दिया जाए। प्रत्एक व्यक्ति को मकान उपलब्ध कराया जाए। भारतीय जनता पार्टी ने यह वादा किया था कि 2022 तक सभी लोगों को मकान देंगे जो अब तक पूरा नहीं हुआ। सभी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दरो को धरातल पर लागू किया जाए। इस अवसर पर सलीम, मौहम्मद अली, अंसार, अकबर, वसीम आदि मौजूद रहे।

## मन्नामाजरा प्रकरणः दो आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। दो दिन पूर्व गांव मन्नामाजरा में वर्चस्व की जंग को लेकर कैराना के दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष के प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया है। हालांकि दोनों गुटों के सरदार अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

विगत मंगलवार को क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में कैराना के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें ग्राम मन्नामाजरा निवासी राकिब, ग्राम जहानपुरा निवासी रिजवान उर्फ चीमा व कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी परवेज उर्फ भाटी घायल हो गए थे। इनमें राकिब व रिजवान उर्फ चीमा के पैर में गोली लगी थी, जबकि परवेज उर्फ भाटी सिर में ईंट लगने से घायल हो गया था। ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत व्याप्त हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर घटना की जानक. ारी हासिल की थी। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। मामले में पुलिस ने दोनों गुटों के 17 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। गुरुवार को पुलिस ने मामले में नामजद किए गए मुनव्वर निवासी ग्राम मन्नामाजरा व परवेज उर्फ भाटी निवासी मोहल्ला आलकलां को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुनव्वर के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। वहीं, घटना में लिप्त आरा. ेपी राकिब व रिजवान पुलिस हिरासत में उपचाराधीन है। हालांकि दोनों गुटों के सरदार बताए जा रहे कैराना के मोहल्ला भूरा चुंगी निवासी याहिया व मोहल्ला आल. कलां निवासी जावेद उर्फ भाटी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मन्नामाजरा में घटित हुए संघर्ष में शामिल दो आरो. पियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा।

## रजवाहे की पटरी काटकर खेतों में मिलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव नौनांगली के मजरे चौन्दाहेड़ी में एक राजवाहे की पटरी को काटकर चकदारो ने अपने खेतों में मिला लिया है जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर राजबाहे की पटरी को छुड़वाने की मांग की है । गांव चौदाहेडी मे चकदारो ने राजवाहे की पटरी को दोनों ओर से काटकर अपने-अपने चको में मिलाया हुआ है जिससे उक्त राजवाहे की पटरी मौके से बिल्कुल ही खत्म हो गई है। जिस कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है तथा राजबाहे के किनारे बने बिजली घर में भी पटरी की भूमि पर निर्माण किया गया है इस संबंध में 10 मार्च को शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इस दौरान राजबाहे की पटरी पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ भी चकदारों ने काट लिए इस संबंध में गांव निवासी सतबीर पुत्र रघुवीर ने उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को शिकायत कर राजबाहे की पैमाइश करवा कर पटरी छुड़वाने की मांग की है।




## ध्वजारोहण से हुआ तीसरे दिन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर शिवर के तीसरे दिन का शुभारंभ रोवर्स प्रभारी निर्भय कुमार तथा रेंजर प्रभारी डा। अनुप्रीता ने ध्वजारोहण के साथ किया। जिला संगठन आयुक्त गाइड गीता रानी ने शिविर के प्रथम सत्र में रोवर्स रेंजर्स को बीपी 6 के व्यायाम सिखाएं। उन्होंने रोवर्स रेंजर्स को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के स्ट्रैचर और पट्टी बांधनी सिखाई। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा दी जा सकती है। शि. विर के दूसरे सत्र में उन्होंने विभिन्न प्रकार के टेंट और गैजेट्स बनाना सिखाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कम से कम एक लाठी और अधिकतम पांच लाठियां से टेंट बनाए जा सकता है। सभी रोवर्स रेंजर ने उत्साह पूर्वक इस कैंप में प्रतिभाग किया। इसके अलावा रोवर्स रेंजर्स के उत्साह वर्धन के लिए विभिन्न प्रकार की पोस्टर निबंध और गीत संगीत की प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें सभी टीमों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया।

## महापुरुषों की जयंती पर छुट्टी रद्द करना उनका अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजावादी पार्टी के एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा भाजपा ने महापुरूषों की जयंती पर छुटटी रदद कर उनका अपमान करने का काम कर रही है। समाज में दो फाड करने के लिए 13 सालों में पहली बार जिले में महर्षि कश्यप जयंती बनाने जा रहे है।



गुरूवार को समाजवादी पार्टी के एमएलसी किरणपाल कश्यप ने माजरा रोड स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 5 अप्रैल को अखिल भारतीय महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महर्षि कश्यप व कालू बाबा जयंती हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाई जाएगी।

शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में सवेरे यज्ञ और उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे के पूर्व समाज के महापुरूषों के जीवन चरित्र को दर्शाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएगे। उन्होने कहा कि उन्होने वर्ष 2013 में समाजवादी पार्टी के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पत्र लिखा था, जिसमें महर्षि कश्यप जयंती का अवकाश घोषित कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने आते की महापुरूषों की छुटटी को रदद करने का काम किया, जिससे महापुरूषों का अपमान हुआ है। 13 साल बाद भाजपा शामली में पहली बार महर्षि कश्यप जयंती मनाने जा रही है, जिससे उनको अनदेशा है कि वह समाज में दो फाड करना चाहती है।

वह पिछले लंबे समय से महापुरूषों की जयंती मनाते आ रहे है और कभी भी समाज के कार्यक्रम में पार्टी का झंडा नही लगाया। भाजपा महापुरूषों की जयंती पर भी राजनीति कर रहे है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेन्द्र कश्यप, भारत कश्यप आदि मौजूद रहे।

## कैराना बार भवन में भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद न्यायालय परिसर में स्थित बार भवन में बार एसोसिएशन कैराना द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कस्बे के अलावा दूर-दराज से पहुंचे मशहूर शायरों ने खूबसूरत कलाम पेश करके खूब तालियां बटोरी। विगत बुधवार को न्यायालय परिसर में स्थित बार भवन में बार एसोसिएशन कैराना द्वारा भव्य ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश विकास कुमार मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे मशहूर शायर माजिद देवबंदी ने बार एवं बेंच को संबोधित करते हुए अपने कलाम पेश किए। माजिद देवबंदी ने जुबान-ए-तहजीब के माध्यम से अपनी गजलों को तरन्नुम से पेश करते हुए बार एवं बेंच को भाव-विभोर कर दिया। चौत्र नवरात्रि के त्योहार के बीच बार भवन में सम्पन्न हुए ईद मिलन के कार्यक्रम ने हिन्दू-मुस्लिम एकता की शानदार नजीर पेश की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अवधेश कुमार पाण्डेय ने खूबसूरत काव्य पाठ करके उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेश चंद्र समेत विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण व बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्तागण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ तथा कुशल संच. ालन महासचिव राजकुमार चौहान ने किया।



## पानी की टंकी में बालक ने किया शौच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव वेदखेड़ी स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी में बालक द्वारा शौच करने की घटना से ग्रामीणों में रोष फैल गया। आरोपी बालक के खिलाफ ग्राम प्रधान आमिर आलम ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव वेदखेड़ी में गत दो दिन पूर्व गांव के ही 10 वर्षीय बालक द्वारा प्राइमरी स्कूल के निकट निर्माणाधीन टंकी के ऊपर चढ़कर शौच करने आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया तथा आरोपी बालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। घटना से ग्रामीणों में रोष फैल गया। गांव निवासी श्याम सिंह सैनी ने बताया कि 2 दिन पूर्व शरारती बालक ने पानी की टंकी के ऊपर चढ़कर उसमें सोच कर दिया, जिसकी एक अन्य युवक ने वीडियो भी बना ली।

गांव के प्रधान आमिर आलम ने बताया कि पानी की टंकी अभी निर्माणाधीन है तथा पानी की सप्लाई डायरेक्ट दी जा रही है, इसलिए किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है, वहीं आरोपी बालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी हुई थी, जिसमें 10 या 12 साल के बालक द्वारा यह कृत्य किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

## स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र पर लंबे समय से चली आ रही कवायद के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम आखिरकार शुरू हो गया है। हालांकि इस पहल को लेकर उपभोक्ताओं में अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है। खासकर, लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिल में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है, इसी बात को लेकर गांव कमलपुर तथा खानपुर कलां में पिछले दिनों ग्रामीणों ने पंचायत कर गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगने के बारे में पूर्ण रूप से बहिष्कार कर निर्णय लिया था कि किसी भी सूरत में गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। इसके लिए चाहे किसी भी तरह की लड़ाई, आंदोलन या धरना प्रदर्शन करना पड़े।

एक सप्ताह से कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से शुरू हुआ स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जल्द ही सभी मोहल्लों में भी लागू हो जाएगा। स्मार्ट मीटर लगाने के इस काम की शुरुआत के साथ ही, बिजली उपभोक्ताओं के बीच अफवाहें फैलनी शुरू हो गई हैं कि नए मीटर से बिजली के बिल में दोगुना या चौगुना इजाफा होगा, जिससे उपभोक्ता घबराए हुए हैं।

**6 महीने पहले हुआ था सर्वेक्षण**

स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए 6 महीने पहले झिंझाना थाना क्षेत्र में घर-घर सर्वेक्षण किया गया था। इसके बाद यह चर्चा थी कि इस समय तक स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन अब जाकर इस काम की शुरुआत की गई है। प्रथम चरण में कस्बे के सभी वार्ड से स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर आशंका**

स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं में लियाकत राना, संजय शर्मा, शौकत राना, नसीम अली, तारीफ आलम आदि के मन में एक अजीब सी आशंका बैठ गई है। उनका मानना है कि नए मीटर के कारण बिलों में अत्यधिक वृद्धि हो सकती है, और उन्हें अधिक पैसे चुकाने पड़ेंगे। कई उपभोक्ता इस नए मीटर को लेकर भ्रमित हैं और यह मानने को तैयार नहीं हैं कि स्मार्ट मीटर से सिर्फ उतनी ही खपत का बिल आएगा, जितनी बिजली खर्च की जाएगी।

**बिजली विभाग का स्पष्टीकरण**

बिजली विभाग उपखंड अधिक. ारी जितेंद्र कुमार ने कहा, ष्स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह मीटर सिर्फ आपकी बिजली खपत को सही तरीके से मापेगा और बिल उतना ही आएगा जितनी बिजली आप उपयोग करेंगे। इसमें कोई भी छुपा शुल्क या बढ़ोतरी नहीं होगी। 2 से 3 तारीख को रीडिंग का बिल अपने आप जनरेट हो जाएगा। की भी दिन या रात की आप कितनी यूनिट खर्च की है वह अप के माध्यम से देख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उपभोक्ताओं को यदि किसी प्रकार की समस्या होती है तो उसके समाधान के लिए बिजली विभाग से संपर्क किया जा सकता है। झिंझाना क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के लगाने के इस कार्य को लेकर विभाग ने



उपभोक्ताओं से शांतिपूर्ण तरीके से सहयोग करने की अपील की है, ताकि इस प्रक्रिया को बिना किसी रुकावट के पूरा किया जा सके।

## कुर्क की गई कृषि भूमि पर फसल रौपने का आरोप

**कैराना।** महिला ग्राम प्रधान एवं उसके पति पर गैंगस्टर के तहत कुर्क की गई कृषि भूमि पर फसल बोने का आरोप है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर मामले की शिकायत की गई है। वहीं, एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

कैराना पुलिस-प्रशासन द्वारा वर्ष-2021 में खादर क्षेत्र के एक प्रधानपति के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की गई थी। प्रशासन ने आरोपी प्रधानपति द्वारा ग्राम अकबरपुर सुनहेटी के जंगल में अर्जित की गई करीब 12 बीघा कृषि भूमि को कुर्क कर लिया था। उक्त कृषि भूमि पर प्रशासन ने कुर्क किए जाने सम्बन्धी बोर्ड स्थापित कर दिया था। कुछ दिन बाद ही आरोपी प्रधानपति ने कृषि भूमि पर लगाए गए बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया था। इसके बाद, आरोपी ने जालसाजी करते हुए कुर्क की गई कृषि भूमि को आर्यपुरी कैराना निवासी एक व्यक्ति को विक्रय कर दिया था, जिसके सम्बंध में आरोपी प्रधानपति के खिलाफ स्थानीय कोतवाली पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। कुर्क की गई भूमि से सम्बंधित मामला एक बार फिर चर्चाओं में है। आरोप है कि महिला ग्राम प्रधान एवं उसके पति द्वारा कुर्क भूमि के कुछ हिस्से पर पोपलर के पेड़ लगा दिए गए है, जबकि भूमि के ज्यादातर रकबे पर सरसों व बरसीम की फसल बोई गई है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई है। वहीं, एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव का कहना है कि कुर्क की गई कृषि भूमि पर किसी भी प्रकार का अधिपत्य गैर-कानूनी है। मामले की जांच कराकर विधिसंगत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### नए सत्र का शुभारंभ वेदो के साथ किया

**शामली।** आरडी इंटर कॉलेज सिक्का सिलावर में गुरूवार को नए शिक्षण सत्र का शुभारंभ वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ का आयोजन कर किया गया। विद्यालय में पंडित संजय शास्त्री के निर्देशन में छात्र छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं व प्रबंध समिति के सभी सदस्यों द्वारा आहुति देकर राष्ट्र कल्याण की कामना की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। प्रबंधक प्रवीण तरार ने कहा कि सभी शिक्षक मनोयोग, ईमानदारी व निष्ठा से छात्र छात्राओं को शिक्षित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रधानाचार्य विनीत कुमार गुलाटी ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पूर्व में किए गए कार्यों की सराहना की और भगवान से प्रार्थना की कि हमारा ए परिवार स्वस्थ एवं दीर्घायु रहे। इस अवसर पर विजय नारायण, नरेश तोमर, माया देवी, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, भारतवीर, बिजेंद्रपाल वर्मा, ओम वीर सिंह, सुशील सैनी, विनय गौतम, दलबीर सिंह, मदन गोपाल, ओमसिंह, रामफूल, यशवीर सिंह, मनोज कुमार, प्रविंद्र आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दिव्यांगों की शिकायते ऑनलाइन व ऑफलाइन होंगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदेश के दिव्यांगजन की शिकायतें ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से दर्ज कराने तथा उनकी शिकायतों/परिवादों की वस्तुस्थिति दिव्यांगजन तक सुलभ व सुग. मता से पहुंचाने के उद्देश्य से न्यायालयध्कार्यालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उ.प्र. द्वारा विकसित वेबपोर्टल https://cmsdivyangian.up.gov.in का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांजन तक पहुंचे व प्रदेश के दिव्यांगजन सुलभता से अपनी शिकायतें ध्व्यथाओं को न्यायालय राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ.प्र. लखनऊ को उपलब्ध कराते हुए अपनी शिकायतों/परिवादों की वस्तुस्थिति सुगमता से जान सकें, इस हेतु उक्त वेबपोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना है।

### यमुना में आरक्षित भूमि पर दबंगों का कब्जा, पैमाइश को पहुंचे अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** यमुना बांध के किनारे नाईनंगला जाटान के रकबे मे स्थित रेत के लिए आरक्षित भूमि पर मंगलौरा के एक दबंग व नाईनंगला के अन्य लोगो द्वारा अवैध कब्जा करके खेती करने के आरोपो की जॉच पूर्व मे नायब तहस. ीलदार द्वारा की गई थी। जिसके क्रम मे राजस्व लेखपाल नाईनंगला के यमुना बांध के रकबे मे पहुॅचें और भूमि की पैमाईश करते हुए निशापदेही की गई। जिसके बाद कब्जा पाए जाने पर कब्जामुक्ति की कार्यवाही की जाएगी। चौसाना के गांव नाईनंगला जाटान मे रेत के लिए आरक्षित भूमि के चक पर विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि मंगलौरा के एक दबंग व्यक्ति ने करीब 35 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है और खेती कर रहा है। जबकि बाकी भूमि पर नाईनंगला के लोगो ने किया हुआ है। वही आरोपी पक्ष भूमि को साल्हापुर मे होने पर अपना दावा करता आ रहा है। जिसकी जॉच नायब तहसीलदार भी कर चुके है। लेकिन विवादो के निस्तारण को सर्वे लेखपाल दिनेश दूबे मौके पर पहुॅचें और शिकायकर्ता प्रताप , योगेश, सुनील को मौके पर बुलाकर भूमि की पेमाइश की कार्यवाही को किया गया। पैमाईश देरशाम तक जारी रही। लेखपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरक्षित भूमि को कब्जे मे करने के लिए आरोपी पक्ष के चको की भी पैमाईश की जाएगी। जिसके बाद कब्जे वाली आरक्षित भूमि को मुक्त कराया जाएगा।

### शहर कोतवाली बनी अवैध पार्किंग का अड्डा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली परिसर पुलिस की अनदेखी और शिथिलता के चलते पिछले लंबे समय से अवैध पार्किंग का अडडा बना हुआ है। कोतवाली परिसर में दिनभर सैकडों वाहन खडे रहते है, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित रहता है। यहां शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से खरीदारी करने आने वाले लोग अपना निजी वाहन कोतवाली परिसर में खडा कर चले जाते है और उनके वाहन दिनभर कोतवाली परिसर में खडे रहते है। वाहन कोतवाली गेट से लेकर कोतवाली परिसर के अंदर तक रहने से रास्ता पूरी तरह से संक्रीय हो जाता है और आने जाने का रास्ता भी कई बार नही मिल पाता है। ऐसे में यदि कोई आपात स्थिति अचानक आती है तो पुलिस को अपने वाहनों के खडे करने के लिए जगह नही मिल पाएगी। इस संबंध में कोतवाली पुलिस अधीक्षक द्वारा भी कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया जा चुका है, लेकिन कोतवाली पुलिस का इस ओर कोई ध्यान नही है।

# दो सप्ताह से डलवाई जा रही कूड़े के ढ़ेर में आग

## नगर पालिका सरसावा की लापरवाही आई सामने, धुएं से पर्यावरण को नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरसावा।** नगरपालिका द्वारा पंचकूला रुड़की नेशनल हाईवे 344 ए के किनारे सरसावा बाईपास के समीप करीब दो सप्ताह से डलवाए जा रहे कूड़े के ढेर में लगी आग। प्लास्टिक फूंकने से निकल रहा जहरीला धुआं। लोगो के लिए हो सकता है जानलेवा।




बता दे कि करीब दो सप्ताह से नगरपालिका के द्वारा नगर में इकट्ठा होने वाले कूड़े का ढेर हाईवे किनारे अपने एक प्रोजेक्ट के भराव के लिए कूड़ा इक्कठा किया जा रहा था। जिसमें बुधवार को आग लग गई आग से निकलने वाले धुएं से हाईवे पर सफर करने वाले राहगीरों एवं आसपास रहने वाले लोगों को हवा में घुलने वाला जहर दे सकता है नुकसान। इसके आसपास ही ढाबे भी स्थित है

कूड़े कचरे से निकलने वाले धुएं से हानिकारक गैस मिथेन, सल्फर, कार्बन डाय ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसे निकलती है। जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है पर्यावरण दूषित होने के कारण ये गैस मानव शरीर के लिए खतरनाक व जानलेवा भी हो सकती है।

बड़ा सवाल –आखिर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों पालि. का चेयरमैन प्रतिनिधि राजू पंवार के द्वारा बताया गया था कि जिस जगह पर कूड़े का ढेर इकट्ठा किया जा रहा है उस स्थान का कूड़े से भराव कर उसके ऊपर मिट्टी डलवाई जाएगी। क्या कूड़े के ढेर पर मिट्टी न डलवा कूड़े में आग लगने का इंतजार कर रहे थे नगरपालिका के जिम्मेदार।

### जयकारों से गूंजा क्षेत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र में माता के जयकारों की गूंज लगातार बढ़ रही है। पंचम नवरात्र पर मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना की गई।

मां दुर्गा की नवशक्तियों का पंचम स्वरूप माता स्कंदमाता की उपासना की जाती है। इन्हें कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण स्कंदमाता के नाम से पुकारा जाता है। उसे मुत्यु लोक में परम शांति और सुख प्राप्त होता है।

माता स्कंदमाता की पूजा–अर्चना करने के लिए में तडके से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।नगर के रामबाग रोड स्थित श्री बालाजी धाम, पैठ बाजार स्थित माता काली मदिंर, मोहल्ला ईशरा स्थित श्री भुवनेश्वरी देवी पंचायती मंदिर, गांव दूधला स्थित मां शांकुभरी देवी मंदिर, हरिदास मार्ग स्थित श्री माता वैष्णों देवी धाम सहित ग्रामीण इलाकों के सभी देवी मंदिरों पर आदि शक्ति की पूजा के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

# छप्परनुमा घर में लगी भंयकर आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिर्जापुर।** क्षेत्र मे गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ साथ आग लगने का तांडव भी शुरू हो चूका है। जिसके चलते मिर्जापुर क्षेत्र के गाँव मगनपुरा मे एक छप्परनुमा घर मे अचानक भयंकर आग लगने से घरेलू सामान व ज्वेलरी सहित हजारों की नगदी आग की चपेट मे आकर बुरी तरह जलकर खाक हो गई है।

थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव मगनपुरा निवासी अरशद पुत्र तकी एक बेहद गरीब व्यक्ति है जो मेहनत मजदूरी करके अपना व परिवार का पालन पोषण करता है जो कच्चे घर में फूंस का छप्पर डालकर रहता है बताया जा रहा है कि आज पीड़ित अरशद बाहर मजदूरी करने गया हुआ था जबकि घर में बीवी व छोटे छोटे बच्चे थे अचानक से घर में आग लग गई और देखते ही देखते भयंकर आग ने घर के अंदर रखा घरेलू सामान



सहित जलाकर राख कर दिया जिसमे कपड़े, राशन व कुछ ज्वैलरी भी जलकर राख हो गई है! जबकि छप्परनुमा घर के अंदर फंसे पीड़ित के बीवी बच्चों ने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक सब कुछ भयंकर आग की भेंट चढ़ पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। घटनास्थल पर जमा हुई ग्रामीणों की भीड़ ने सरकार से छप्परनुमा घर मे भयंकर आग लगने से खुले आसमान के नीचे आये पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाये जाने की मांग की है।

# गंदेवड़ा में पुलिस का फ्लैग मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अलर्ट मोड पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में आज गुरुवार को थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव गंदेवडा में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और लोगों में विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से किया गया।



थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त बढ़ा रही है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने गांव के प्रमुख रास्तों और चौराहों से गुजरते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के फ्लैग मार्च और गश्त जारी रहेंगे ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। थाना फतेहपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# स्कूल चलो अभियान जागरुकता रैली निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के सरदाहैडी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक दिलशाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बच्चों के जोश और उत्साह को देखते हुए यह स्पष्ट था कि वे न केवल शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा रहे थे, बल्कि अपने आसपास के समुदाय को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे थे। रैली गांव की संकरी गलियों और मोहल्लों से गुजरती हुई आगे बढ़ी, जहां ग्रामीणों ने इसे ध्यान से देखा और बच्चों के संदेश को सुना। रैली अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए वापस विद्यालय




प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली के समापन के बाद विद्यालय प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यापक बिरपाल ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी माता–पिता से भावुक अपील की कि वे अपने 6 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों का नामांकन स्कूल में अवश्य कराएं, ताकि उनके भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में पहला कदम उठाया जा सके। इसके पश्चात शिक्षक शाहनवाज ने प्राथमिक विद्यालय के अन्य शिक्षकों के सहयोग से छात्र–छात्राओं के बीच पुस्तकों का वितरण किया। यह पुस्तक वितरण बच्चों के लिए एक प्रोत्साहन का कार्य कर रहा था, जिससे वे पढ़ाई के प्रति और अधिक रुचि ले सकें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिलशाद के साथ–साथ कई गणमान्य लोग और ग्रामीण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। यह आयोजन न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि ग्रामीण समुदाय में एक सकारात्मक संदेश देने में भी प्रभावी सिद्ध हुआ।

### हिन्दू नववर्ष मनाया

**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मदिंर इण्टर कॉलेज में हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विश्व की प्राचीन भारतीय संस्कृति, सुरक्षा पर विशेष बल दिया।

कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष उमेश गोयल, प्रबंधक नीरज अग्रवाल व प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता ने मां दुर्गा व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। प्रबंधक ने कहा कि विश्व को सबसे पहले कालगणना देने का श्रेय भारत को है। उसी के आधार पर भारतीय संवत्सर शुरू हुआ। जिसका अनुसरण करते हुए विश्व में अपने संवत्सर का प्रारंभ किया। अध्यक्ष ने कहा कि यह दिन सभी सनातनियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने चिंता जताई कि आज के युवा केवल अंग्रेजी नव वर्ष से परिचित हैं। कई लोगों को हिंदू नव वर्ष के बारे में जानकारी नहीं है।

# झगड़े में पांच लोग घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** माहेश्वरी कलां गांव में दो रिश्तेदारों के बीच हुए आपसी झगड़े में एक महिला सहित 05 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भिजवाया है। दोनो पक्षों ने थाना पर एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात्रि के समय ग्राम माहेश्वरी कलां में पति पत्नी के बीच चल रहे मामूली विवाद ने बड़े झगड़े का रूप धारण कर लिया। जिसमे पति पत्नी सहित दोनों पक्षों के 05 लोग घायल हो गए। जिसके बाद दोनो पक्षो ने थाना पहुंचकर एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जहां एक पक्ष की मुजक्किर पुत्री फारुख निवासी ग्राम माहेश्वरी कलां ने अपने पति हुसैन पुत्र हकीक व अन्य ससुराल. जनों पर उसे रोजाना दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करके उसे घर से बाहर निकाल देने व बुधवार को रात्रि के समय लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से लैस होकर उसके पिता के घर में घुसकर उसके व उसके भाई महकार के साथ मारपीट करते हुए गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के हुसैन पुत्र हकीक ने अपनी तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बहनों को पांच पांच हजार रुपये ईद के कपड़ो के लिए दे दिए थे। इसी बात को लेकर उसकी पत्नी मुजक्किर नाराज होकर अपने घर चली गई थी। जिसके बाद उसके ससुराल पक्ष के लोगो ने किसी बहाने उसे अपने घर पर बुलाया तथा उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर बीचबचाव में आये उसके भाई एवं चाचा को भी उन्होंने मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।

# स्कूलों की मनमानी के खिलाफ फूटा गुस्सा

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** कस्बे में स्कूलों द्वारा फीस में मनमानी वृद्धि, किताब सेलरों के साथ साठगांठ, और बाजारीकरण के खिलाफ अभिभावकों ने जोरदार धरना प्रदर्शन शुरू किया। धीरे–धीरे भीड़ बढ़ती गई और प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी के साथ अपनी मांगें रखीं। इस प्रदर्शन में स्थानीय स्कूलों जैसे डेल मोड़ माउंट कारमेल, राष्ट्रीय विद्या पीठ, सनराइज, शाकुम्बरी स्कूल और बाल विद्या मंदिर पर गंभीर आरोप लगाए गए।

आयोजनकर्ता सुबोध कुमार और उनकी टीम ने आरोप लगाया कि उक्त स्कूल केवल एक किताब सेलर से किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव डाल रहे हैं। अन्य दुकानों से किताबें खरीदने पर स्कूल उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे, जिससे स्कूल



प्रबंधन और किताब सेलरों के बीच साठगांठ का संदेह गहरा गया है। अभिभावकों का कहना है कि इससे शिक्षा का बाजारीकरण हो रहा है और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि 8 अप्रैल तक सभी स्कूलों और किताब सेलरों की जांच कर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो 8 अप्रैल को बड़े पैमाने पर धरना आयोजित किया जाएगा।

धरने में सुबोध कुमार, सतीश रावत, संचित एकफिट, रोब्बीन सलमान चौधरी नगर अध्यक्ष विनोद नेगीवाल, राहुल वर्मन, रोहित निम, तनुज बाला, विपिन नवादा, संदीप, मोनिका आदि मौजूद रहे। प्रदर्शन के अंत में थाना अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया।

# महिला तस्कर समेत दो पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर स्मैक तस्करी के मामले में फरार चल रही एक आरोपी महिला को भी गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को एएसपी थाना प्रभारी विवेक तिवारी की अगुवाई में नाजायज स्मैक व नशा तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने आरोपी स्मैक तस्कर हसीब पुत्र लियाकत निवासी ग्राम मलकपुर थाना चिलकाना को घाटहेडा की नर्सरी के सामने सडक से लगी चकरोड पर जंगल ग्राम अब्दुल्लापुर अहाडी के निकट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। एसएसपी विवेक तिवारी ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी नशा तस्करी करने के सम्बन्ध में 02 मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विनोद कुमार, हैड कांस्टेबल तरुण कुमार, कांस्टेबल सावन कुमार व अनुज राणा शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर नशा तस्करी एक मामले में फरार आरोपी महिला गुलशन पत्नी इखलाख निवासी ग्राम फिरोजाबाद थाना चिलकाना को उसके मकान से गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ पूर्व से ही नशा तस्करी करने के सम्बन्ध में एक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में एसआई राजेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल राहुल कुमार व महिला कांस्टेबल शुभम शर्मा शामिल रहे।

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री काजल को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**संदीप कुमार पुत्र मदन सिंह निवासी ग्राम रायपुर, थाना सरसावा, जिला सहारनपुर।**

# वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करें: जसवंत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि वृक्ष जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग हैं जो ऑक्सीजन, फल फूल और साया देते हैं। इसलिए हर किसी को वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

मौहल्ला कायस्थान स्थित श्री दुर्गा मंदिर में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने पौधारोपण किया।राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग हैं। वृक्ष हमें फल फूल, ओषधी, साया और सूख जाने पर लकड़ी ही प्रदान नहीं करते बल्कि जीवन का आधार ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि न केवल वृक्ष लगाए जाएं बल्कि उनकी देखभाल भी की जाए।प्रमोद कौशिक ने कहा कि व्रक्ष प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। वृक्ष वर्षाजल को सरंक्षित करते हैं और मिट्टी कटाव को रोकते हैं। जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं और हानिकारक प्रदूषकों को हटाते हैं। डीएफओ



वैशाली ने कहा कि पर्यावरण को साफ रखने के लिए व्रक्ष आवश्यक हैं।हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि वृक्षारोपण का लाभ हमें ही नहीं बल्कि आने वाली नस्लों को भी मिलेगा।

इस दौरान अनिरुद्ध सैनी, विकास सैनी, डॉ रामनिवास सैनी, ओमपाल पांचाल, दीपक सैनी, सचिन गुर्जर, अमित सैनी, प्रदीप बालियान, अनुज चौधरी, विक्रम, रोहित, सुमित, सागर, डॉ अजय सैनी, सार्थक, जसवीर,अंकित, नरेंद्र, साहब सिंह, अमित, बिल्लू, टिंकू पंडित आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा परिणाम पाकर खुशी से उछले बच्चे

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में कक्षा 9 व 11 के बच्चों का गृह वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसे देख बच्चे खुशी से उछल पड़े।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राकेश तायल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय कुमार, उप प्रधानाचार्या पूजा सिंह व कोर्डिनेटर पारूल अग्रवाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होने कहा कि जो कठिन परिश्रम करते है वो अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त करते है। अध्यापक रविन्द्र शर्मा, अंजना शर्मा, पीटीआई सुमित चौहान, जितेन्द्र कुमार व रजत वर्मा ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया



कि छात्रों को अपने लक्ष्य पर फोकस रखना होगा, तभी सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने रामचरित मानस के दोहे का उधारण देते हुए कहा कि बच्चों को अपने लक्ष्यों को कई भागों जैसे सुपर गोल, गोल और माइक्रो गांल में बांटकर उनका पीछा करना चाहिए। कक्षा 9 में धन्य गर्ग, केशव, प्रणव, दक्ष, उपलक्ष, सृष्टि, शगुन, वारिश, कृष्णा, कक्षा 11 में केशव, नवजोत, नैतिक, आयुषी प्रज्ञेश, लक्षिता, राजबीर कौर, कृष्टि, लक्ष्य, वंश बंसल व मनरूप ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनिल व पुत्रवधू सुनीता को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**कालूराम पुत्र पीरू निवासी ग्राम रंगैल, पोस्ट खजूरी अकबरपुर, थाना गागलहेडी, तहसील व जिला सहारनपुर।**

# श्री तीस चौबीस विधान का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के 6 दिवसीय वार्षिक रथ यात्रा महामहोत्सव के दूसरे दिन आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की परम शिष्या गणनी आर्यिका श्री 105 आर्ष मति माता जी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ।

प्रात: जैन बाग स्थित मंदिर में श्री जी का अभिषेक और शांतिधारा कर पूजा की गई। उसके बाद श्री तीस चौबीसी विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु माँ ने कहा कि हम सभी में भगवान बनने की क्षमता है लेकिन माया के चक्कर मे हम उसे पहचान नहीं पा रहे हैं। अहिंसा ही परम धर्म है, अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अभिषेक जैन, शशांक जैन, भूपेंद्र जैन, अतुल जैन, प्रशांत जैम, शुभम जैन, अवनीश जैन,विपुल जैन, आकाश जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

### तीन वाहन चोर पकड़े

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

19 मार्च को वादी असलूब साबरी पुत्र अय्यूब साबरी निवासी यूनिवर्सल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन अम्बाला रोड सीटी पैलेस के पास थाना कुतुबशेर ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, उपनिरीक्षक अवशेष भाटी व उपनिरीक्षक असगर अली के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुक. दमा उपरोक्त वाहन चोरी के मामले में 3 वाहन चोर रौनक अली उर्फ आशु पुत्र इजहार हुसैन निवासी मौहल्ला महल, मिसम उर्फ सैय्यद अली पुत्र सुजात हुसैन निवासी मौहल्ला छत्ता, अजहर पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला चामजली कोट कस्बा व थाना नानौता को ग्राम उनाली रोड पर एक खंडहर मकान से गिरफ्तार किया।

# किसानों का सम्मान सर्वोपरि: सुदेशपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** भारतीय किसान अराजनैतिक की एक पंचायत गांव कासमपुर पाडली मे हुई। पंचायत में जिला अध्यक्ष चौधरी सुदेशपाल ने क्षेत्र के किसानों की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान सर्वोपरि है। भाकियू अराजनैतिक किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसी दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिनका जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया गया।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष चौधरी सुदेश पाल ने कहा कि यह एक ऐसा संगठन है, जिसमें हर वर्ग को सम्मान दिया जा रहा है और हर आदमी की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निदान कराया जाता



है। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान का उत्पीड़न संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि किसी किसान को कोई बेवजह परेशान कर रहा है तो वह सीधे उनसे संपर्क करें, उसका संबंधित अधिकारियों से मिलकर तत्काल समाधान कराया जाएगा। इस मौके संगठन विस्तार पर चर्चा हुई जिस में देवेन्द्र राणा को युवा ब्लाक उपाध्यक्ष अजीम अहमद को सचिव की जिम्मेदारी दी गई।

पंचायत में बोलते हुए तहसील अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा ने कहा कि तहसील इकाई में जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है वो अधिक से किसानों को संगठन से जोड़ने का काम करे और आगमी 10 अप्रैल को तहसील मुख्यालय में होने वाली पंचायत मे अधिक से अधिक पहुंची। पंचायत में जिला उपाध्यक्ष मासूम ठेकेदार तहसील मीडिया प्रवक्ता इकध्बाल खान, प्रवक्ता मास्टर प्रमोद कुमार, चौधरी रागिब, चौधरी आबिद, विजय राणा, बृजपाल राणा राजकुमार ठेकेदार जसबीर, रामकुमार, काका राणा, नरेश डॉक्टर मान सिंह, बलदेश, महिपाल, मुदस्सिर, संतोष कुमार मौजूद रहे।

# भूमि की जांच को पहुंची राजस्व टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन तिराहे पर भूमि के टुकडे के मालिकाना हक को लेकर दो पक्षो मे चले आ रहे विवाद के बीच राजस्व टीम मौके पर पहुँची और विवादित भूमि की पैमाईश की। राजस्व टीम का कहना है कि भूमि की फाइनल रिपोर्ट कल तक तैयार हो सकेगी। रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौपीं जाएगी।

चौसाना के ऊन पर स्थित भूमि पर खसरा नम्बर 298 पर ग"यूर व आमिर पक्ष खेती करते आ रहे है। जहॉ दो दुकाने बनी है। भूमि पर बनी दुकानों पर एहसान निवासी चौसाना अपना दावा करता है। वही भूमि स्वामियों का आरोप है कि हमारी



सम्पत्ति है। विवाद होने के उपरांत राजस्व कानूनगो विनोद कुमार व लेखपाल लोकेश सैनी मौके पर पहुॅचें और खसरा नम्बर 298 की भूमि की पैमाईश की गई। राजस्व लेखपाल लोकेश सैनी का कहना है कि ग"यूर पक्ष की भूमि की पैमाईश की गई है,जहॉ सडक मे पीडब्ल्यूडी की भूमि भी है। जिसकी जॉच के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अभी तक दुकान वाली भूमि ग"यूर पक्ष के रकबे मे आ रही है। सन्दर्भित विस्तृत रिपोर्ट उपजिलाधिकारी कार्यालय को सौपी जाएगी। वही उपजिलाधिकारी ऊन के आदेशानुसार भूमि पर पुलिस को निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है। चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने दोनो पक्षो के आधा दर्जन लोगो को पुलिस चौकी पर बुलाकर चेतावनी दी है। जब तक राजस्व अधिकारी भूमि के लिए कोई निर्णय नही लेंगे,तब तक भूमि पर किसी प्रकार की छेडछाड नही होगीं।

# खबर प्रकाशित होते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** कस्बे के मोहल्ला रैदासपुरी में सड़क निर्माण कार्य अध. ूरा पड़ा होने के कारण स्थानीय निवा. सियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर जगह-जगह रोड़े बिखरे हुए थे और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था, जिससे आमजन के आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई थीं।



मोहल्ला निवासियों ने बताया था कि सड़क निर्माण का कार्य पिछले एक महीने से अधूरा पड़ा था। सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया था, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मोहल्ले में अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को दोबारा शुरू करवा दिया गया। बृहस्पतिवार से मशीनों की गड़गड़ाहट और मजदूरों की हलचल के साथ सड़क निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ने लगा। इस कार्य के शुरू होने पर मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली और दैनिक शाह टाइम्स अखबार का धन्यवाद किया। स्थानीय निवासी योगी बाबा कमलनाथ, सभासद कर्मवीर, विक्की, सतपाल और अन्य लोगों ने कहा कि यदि मीडिया आवाज न उठाती, तो यह कार्य और लंबे समय तक अटका रहता। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि भविष्य में इस तरह की समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जाए।

# विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के परिक्षा के घोषित परिणाम में उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्याथियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रागण में दो दिवासिय सम्मान समारोह के प्रथम दिन कक्षा प्ले से पाँच तक वरीयता प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रदेश राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, समा. जसेवी श्याम कुमार अग्रवाल ने पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा को यदि आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ दिया जाये तो देश प्रगति कर सकता हैं। उन्होने विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्य कि सरहाना की।

विद्यालया के प्रधानाचार्य रूपेश



कुमार सैनी ने अतिथियों को शॉल उठाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले वैदिक, नींव पंवार, आयांश कौशिक, हार्दिक सैनी, मैथली सैनी, अनाया, मयंक, आरव कौशिक, ऐना सिंह, अराधया, आदि. ति सैनी, गुंजन, महक, हुमैरिया, अक्षित सैनी, अनुशा, गरिमा सैनी,




वैदांत सैनी, अराधया सैनी, दिया पा. हवाल, अंशिका सैनी का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजेश अनेजा, राम मोहन सैनी, अजय गर्ग, पवन धिमान, राजू सैनी, सभासद कुलदीप सैनी, बिट्टू त्यागी, राजकुमार भटनागर आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# दो भाईयों पर जानलेवा हमला

## पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के गांव ढेला गुर्जर में ईद के दिन दो भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया। आरो. पियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव ढेला गुर्जर में ईद के दिन एक बड़ी वारदात सामने आई है। **31** मार्च की शाम करीब साढ़े चार बजे यामीन और रईस अपनी ठेली से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव में तेली वाली मस्जिद के पास सफेद स्कॉर्पियो में सवार चार लोग वहां पहुंचे। ठेली गाड़ी से हल्का टच होने पर वहां गाली-गलौच शुरू हो गई। आरोप है कि फिर गाड़ी से उतरकर कार सवरों ने हाथों में रॉड, सरिया और धारदार हथियार लेकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में रईस और यासीन को गंभीर चोटें आईं।

चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायल भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं कि अगर कोई कार्रवाई की तो परिवार को जान से मार देंगे। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# छप्परनुमा कमरे में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में छप्परनुमा कमरे में आग लगने से सामान व रकम जलकर राख हो गई और बराबर में बंधी दो भैंसे झुलस गई। गनीमत यह रहा कि आग से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हाशिमपुरा निवासी इस्लाम कोल्हू पर कार्य करता है। मंगलवार देर रात वह कोल्हू से लौटने के बाद कमरे में सो रहा था। उसके कमरे के बराबर में ही एक कमरे की छत पर छप्पर डाला हुआ है। जिसमे घर का आवश्यक सामान रखा हुआ था। इस्लाम के मुताबिक रात के समय आग की लपटे देख उस समेत परिजनों की चीखें निकल गई। जिसे सुन पड़ौस में रहने वाले लोग भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन इस



दौरान आग की लपेटो में पास में ही बंधी दो भैंसे उसकी चपेट में आकर झुलस गई। गनीमत यह रहा कि आग से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। इस्लाम के मुताबिक आग से कमरे में रखे सामान के साथ देनदारी की नगदी भी जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है। जबकि उन्होंने पीडित परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाए जाने का भी आश्वा. सन दिया।

# पोस्टमार्टम रिर्पोट में दम घुटने से हुआ मोत का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राशिद के आठ वर्षीय बेटा का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मोत हाने का खुलासा हुआ हैं। मृतक बालक के पिता राशिद ने उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई हैं।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी राशिद का बेटा साजिद 25 मार्च को घर से लापता हो गया था। तलाश करने पर उसका कोई सुराग नहीं लगा। कई दिन बाद राशिद ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें उसने दूसरी पत्नी के परिजनों पर शक जताते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया था। बुधवार को साजिद का शव भायला मार्ग स्थित एक गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। जिसे पुलिस ने मोर्चरी भिजवा दिया था। उसके शरीर पर बने घाव देखकर पीड़ित पिता ने बेटे की हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को साजिद की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। जिसमें मौत का कारण दम घुटना दर्शाया गया है। साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि कई दिन पूर्व ही साजिद की मौत हो गई थी। पुलिस ने अब जांच का रूख हत्या के बिंदू की ओर मोड लिया है। पुलिस का कहना है कि नामजद आरोपियों में एक को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। पुलिस के हाथ कई सुराग लगे हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# वक्फ संशोधन विधेयक देश के संविधान पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ संशोधन विधेयक देश के संविधान पर सीधा हमला है जो न केवल सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है बल्कि उन्हें पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी भी देता है। मौलाना अरशद मदनी ने जारी बयान में कहा कि यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। इसलिए जो लोग इस साजिश को हराने के प्रयास में मुसलमानों के साथ खड़े होंगे वे वास्तव में संविधान और धर्मनिरपेक्षता के असली रक्षक माने जाएंगे। इसके विपरीत जो लोग इस साजिश को सफल बनाने में सरकार का समर्थन कर रहे हैं वह देश के संविधान और धर्मनिरपेक्षता के खुले दुश्मन माने जाएंगे। मौलाना मदनी ने



कहा कि हम बिल को पास कराकर सरकार पूरी तरह बेनकाब हो ही गई है। इसके खिलाफ कानूनी संघर्ष शुरू किया जाएगा। **वहीं**, जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि यह बिल मुसलमानों के धार्मिक स्वतंत्रता और कानूनी हकों पर सीधा हमला है। सरकार ने ऐसा बिल पास कराया है जिससे मुसलमानों के वक्फ इदारों पर



सरकारी नियंत्रण कायम हो जाएगा और उनकी स्वतंत्रता पर खतरा मंडराने लगेगा। कारी इस्हाक ने कहा कि वक्फ संपत्तियां मुसलमानों की अमानत हैं, जो मस्जिदों, मदरसों, कब्रिस्तानों और समाजी भलाई के लिए दी गई हैं। सरकार मुसलमानों को उनके अधिकारों से महरूम (वंचित) करना चाहती है जो संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।

# अस्थि कलश विसर्जन करने जा रहे परिवार की गाड़ी खाई में पलटी

## गाड़ी में सवार थे एक दर्जन लोग, तीन की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने अस्थि कलश विसर्जन करने जा रहे परिवार की गाड़ी सड़क किनारे खाई में पलट गई। चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुए हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। तीन गंभीर की हालत चिंता. जनक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

रामपुर जनपद के गांव मुकुटपुर थाना स्वार निवासी लज्जावती पत्नी शेर सिंह की मृत्यु के बाद परिजन उसकी अस्थियां विसर्जन करने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। परिवार के एक दर्जन लोग टाटा मैजिक गाड़ी में सवार थे। बताते हैं जब यह गाड़ी धामपुर में दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने पहुंची तो बाईपास पर गाड़ी के चालक रिंकू पुत्र भीम सिंह निवासी ढीमरखेड़ा थाना टांडा जनपद रामपुर को अचानक नींद की



झपकी आ गई। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकराकर खाई में पलट गई। गाड़ी के खाई में पलटने के बाद उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को देखकर राहत कार्य शुरू कराया। राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के प्रयास के बाद गाड़ी में दबे लोगों को बाहर निकाला।

उधर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विनीत, जीवन तथा अनिकेत को हायर सेंटर रैफर कर दिया। जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# कम्प्यूटर लैब व शिशु वाटिका कक्ष का शुभारम्भ

## वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि शरद कुमार अग्रवाल (एमडीजी के हॉस्पिटल नगीना, उपेन्द्र कुमार शर्मा सम्भाग निरीक्षक मुरादाबाद, विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, उपाध्यक्ष एडवोकेट हेमंत कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. बालेश विश्नोई, प्रबंधक डॉ. संदीप कुमार शर्मा, एड. अनिल शर्मा, मोहित गोयल, राजन अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि शरद कुमार अग्रवाल ने सभी को परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती



ही एक मात्र ऐसा संस्थान है जो शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखाता है। रोहित रवि ने सरस्वती विद्या मंदिरों को देश भक्ति की पाठशाला बताते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले सदैव अनुशासन का पालन करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संदीप शर्मा ने सभी को परीक्षा परिणाम की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु एवं विद्या मन्दिर सर्वोत्तम संस्थान है। हमें अपने साथ साथ अपने परिचितों को भी प्रेरित करना चाहिए कि वो भी अपने बच्चे इन विद्यालयों में पढ़ायें, जिससे समस्त समाज संस्कारित हो सके और हमारा देश पुन: परम वैभव पर पहुंचे।

इस अवसर पर विद्यालय में नवीन सुसज्जित एवं आधुनिक कम्प्यूटर लैब और शिशु वाटिका कक्ष का शुभारम्भ उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने बताया कि कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक भैया दिव्य राजपूत (चल) ने **1400** में से **1320** अंक, कक्षा तृतीय से पंचम तक भैया उदित अग्रवाल (पंचम) **2000** में से **1718** अंक, कक्षा **6** से **8** तक भैया विराज मिश्रा (सप्तम) **2000** में से **1803** अंक, कक्षा नवम और एकादशी में भैया आदित्य शर्मा (नवम) **1020** में से **795** अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा (शिशु वर्ग) में कक्षा तृतीय से पंचम तक बहिन विधि (चतुर्थ) **100** में से **82** अंक, बाल वर्ग कक्षा **6** से **8** तक भैया विराज मिश्रा (सप्तम) **100** में से **76** अंक, उच्च वर्ग नवम से द्वादश भैया मौलिक मिश्रा (नवम) **100** में से **63** अंक, आचार्य वर्ग में सुभाष चन्द्र (प्रथम), कुमारी अदिति चौहान (द्वितीय) और सुधीर कुमार (तृतीय) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भैया उदित अग्रवाल, रक्षित आग्रवाल और बहिन नीतिका मालवा ने शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायी। सर्वाधिक अनुशासित भैया बहिन में बहिन विधि (चतुर्थ) और बहिन आयुषी शर्मा (एकादश) चुनी गयीं। कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय इस प्रकार हैं कि कक्षा नर्सरी में जानवी, युग, मिठछ, कक्षा एलकेजी में दक्षिता, तनवी सैनी, प्रत्यक्ष कुमार, कक्षा यूकेजी में दिव्य राजपूत, आरोही बालियान, लव्य सैनी, कक्षा प्रथम में नैना, कनक चाहर, अभीश्री चाहर, कक्षा द्वितीय में पुनीत कुमार, लाभ गिरी, रिशु शर्मा, कक्षा तृतीय में नित्या, शिवन्या, लक्ष्य, कक्षा चतुर्थ में विधि चौहान, कृक्तिका, आकाश, कक्षा पंचम में उदित अग्रवाल, निधि, निशु वर्मा, कक्षा पष्ठ में आयुषी गौतम, लक्षी चौधरी, पलक चौधरी, कक्षा सप्तम में विराज मिश्रा, मोहित कुमार, अपूर्वा, कक्षा आम में वंदना, पराग चौहान, आंचल, कक्षा नवम में आदित्य शर्मा, दिव्यांश सिंह, जतिन पाल, कक्षा एकादश में निशु, आयुषी शर्मा, प्रियांशी सैनी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# राशन वितरण में गड़बड़ी मिलने पर मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** ग्राम बेरखेड़ा जलीलपुर निवासी विकास कुमार पुत्र स्व. लाल सिंह की सरकारी उचित दर की दुकान की शिकायत पर क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी कार्यालय से पूर्ति अधिकारी अंकित कुमार ने उचित दर विक्रेता विकास कुमार की दुकान पर भौतिक सत्यापन हेतु पहुंची पूर्ति विभाग की टीम ने अपनी जांच और सत्यापन की कार्यवाही के तहत मौके पर ई-पोश मशीन इलेक्ट्रॉनिक कांटा व मौके पर रखे स्टॉक की जांच टीम के साथ करने पर 37 कट्टे गेंहू, दो कट्टे लूज और सात कट्टे चावल और एक कट्टा लूज खुले कट्टे मिले, जो स्टॉक से कम होने पर उचित दर विक्रेता द्वारा सही जवाब व सही जानकारी नहीं देने पर मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान ग्रामीणों के बीच जांच के दौरान खाद्यान्न कम पाया गया। जिसके आधार पर पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार द्वारा उक्त उचित दर विक्रेता के विरुद्ध पुलिस में तहरीर दे दी गई। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0179/2025 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# कम्पोजिट विद्यालय तीबड़ी में वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कम्पोजिट विद्यालय तीबड़ी में वार्षिक उत्सव तथा शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान ने परिषदीय विद्यालयों में बेहतर हो रहे शिक्षा के स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त की और लोगों से अपने बच्चों का प्रवेश इन्हीं स्कूलों में कराने की अपील की। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने कहा कि परिषदीय विद्यालय किसी प्रकार भी मोटी फीस वसूलने वाले निजी क्षेत्र के स्कूलों से कम नहीं हैं।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल द्विवेदी ने बच्चों को नियमित



रूप से स्कूल भेजने की अपील करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षक संघ अल्हैपुर के अध्यक्ष नवनीत कुमार तथा मंत्री अमित सिसोदिया ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में ग्राम प्रधान शमीम अहमद, एसएमसी अध्यक्ष मौ. अमीर, रणवीर सिंह, शहाना परवीन, अंजार अहमद आदि बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक अतीक आजाद ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों में शेफाली सिंह, राहुल, प्रेरणा, पूजा, शाजिया, राजबाला, रूपा, वंदना, सीमा, सविता, मंजू आदि का सहयोग रहा। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने की तथा संचालन शेफाली सिंह ने किया।

# स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** शासन के निर्देशों के अनुक्रम में नि:शुल्क एवं बाल अधिकार अधिनियम 2009 के सार्वभौमिकरण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विकास क्षेत्र किरतपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकान्त गिरि द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ स्कूल में एडमिशन संबंधित नारे लगाते चल रहे थे तथा उनके हाथों में स्कूल प्रवेश संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां थी। रैली में नगर क्षेत्र किरतपुर के समस्त विद्यालय (प्राथमिक विद्यालय बसी कोटला, नगर क्षेत्र 2 किरतपुर द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय किरतपुर खास एवं प्रथम) सहित अनेक विद्यालयों के बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बच्चों द्वारा एक भी बच्चा छूटे ना संकल्प हमारा टूटे ना जैसे स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे लगाए गए। नगर में आम जन से अपील की गई कि वो अपने बच्चों का प्रवेश निकटतम सरकारी स्कूल में कराएं। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न योजना जैसे डीबीटी ऑपरेशन कायाकल्प आदि कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी संभालेंगे क्रिकेट परिषद की कमान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह गुरुवार से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसीसी ने कहा- उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब एशियाई क्रिकेट निरंतर विकसित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में अधिक अवसर, नवाचार और सहयोग ला रहा है। नकवी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मैं एशियाई क्रिकेट परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एशिया विश्व क्रिकेट की धड़कन बना हुआ है और मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्डों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। साथ मिलकर हम नए अवसरों को खोलेंगे, अधिक सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### रमन सुब्रमण्यन फिर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद, वार्ता।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फिर, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ्रैंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है।

### लाहौर में पाक महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरु

**लाहौर, वार्ता।** ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को एलसीसीए मैदान पर थाईलैंड के साथ अभ्यास मैच खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड के अलावा, क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य देशों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। फाइनल 19 अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में होगा।

# नए आत्मविश्वास के साथ लखनऊ से भिड़ेगी मुंबई




**मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है**

**कप्तान पंत की खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय**

**लखनऊ, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16वें मैच में उतरेगी।

मुंबई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है। लखनऊ ने आईपीएल में मुंबई के खिलाफ अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करते हुए बढ़त हासिल की है। हालांकि, कोलकाता पर मुंबई इंडियंस की हालिया जीत से एलएसजी को संभल कर रहना होगा। निकोलस पूरन ने अब तक एलएसजी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पिछले तीन मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। इस मैच में भी हर एक की निगाहें उनके प्रदर्शन पर होंगी। एलएसजी अपने पिछले घरेलू मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से मिली करारी हार से उबरना चाहेगी। मिचेल मार्श और पूरन ने बल्लेबाजी का बहुत भार उठाया है, और उनकी विफलता अक्सर टीम की कमज़ोरी को उजागर करती है। कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने निचले क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी विभाग में शार्दुल ठाकुर ने तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन वे महंगे साबित हुए हैं और 10-22 की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं। आकाश दीप की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। चहर और बोल्ट की अगुआई में मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण पावरप्ले में प्रभावी रहा है। डेब्यूटेंट अश्विनी ने पिछले गेम में चार विकेट लेकर प्रभावित किया और वे फिर से अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, जबकि युवा तेज गेंदबाज विग्नेश पुथुर को सफलता के लिए बुलाया जा सकता है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम की पिच संतुलित होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद करेगी। दूसरी पारी में ओस के कारण लक्ष्य का पीछा करना बेहतर विकल्प हो सकता है। आईपीएल के इतिहास में इस स्थान पर जीत के लिए सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का तीन विकेट पर 199 रन है।

## खराब बैटिंग के कारण हारी आरसीबी

● **गुजरात आठ विकेट से जीता, सिराज बोले कि बेंगलुरु आकर थोड़ा इमोशनल हो गया**



**बेंगलुरु, वार्ता।** 18वें सीजन में घरेलू मैदान पर पहली बार खेलने उतरी रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने पहले बैटिंग की। टीम ने 40 गेंद के अंदर 4 विकेट गंवा दिए, यहां से स्कोर 200 के करीब नहीं जा सका। बेंगलुरु ने 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। गुजरात ने 17.5 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 49 और जोस बटलर ने 73 रन बनाए। मोहम्मद सिराज को 3 विकेट मिले। आरसीबी से लियम लिविंगस्टन ने 54 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बालिंग करने उतरी गुजरात से मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड कर दिया। उन्होंने फिर पांचवें ओवर में फिल साल्ट को भी बोल्ड किया। सिराज ने अपना स्पेल 19 रन पर 3 विकेट लेकर खत्म किया। मैं थोड़ा इमोशनल हो गया, मैंने यहां 7 साल तक आईपीएल खेला है। जर्सी का कलर लाल से नीला होना मेरे लिए इमोशनल रहा। मुझे रोनाल्डो बहुत पसंद हैं, इसलिए विकेट लेने के बाद उनकी तरह सेलिब्रेट करता हूं। टीम इंडिया से ब्रेक मिला तो मैंने अपनी फिटनेस और गलतियों पर काम किया। गुजरात में शामिल होने के बाद मैंने आशीष नेहरा से बात की। उन्होंने मुझे एंजाय करने के लिए कहा। ईशांत भाई ने मुझे बताया कि किस लाइन पर बालिंग करनी है। मेरा माइंडसेट यही है कि बस खुद पर भरोसा करना है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए साई ने आरसीबी बैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 22 रन दिए, उन्होंने जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या को पवेलियन भी भेजा। 5वें ओवर में गुजरात ने पहला विकेट गंवा दिया। यहां से बटलर ने सुदर्शन के साथ 75 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 73 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। 170 के टारगेट के सामने गुजरात को ओपनर सुदर्शन ने मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने 36 गेंद पर 49 रन बनाए।

# सूर्या ने किए रामलला के दर्शन

**सूर्यकुमार यादव के अलावा दीपक चाहर और कर्ण शर्मा समेत अन्य खिलाड़ी भी पहुंचे**



**अयोध्या, वार्ता।** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुबंई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किए। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुबंई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

लखनऊ और मुबंई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विरा. जमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे।

इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बात. चीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निद. ेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई-जी- प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

### हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में

**झांसी, वार्ता।** चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी। झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट में खेला जाएगा।

## आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे जैकब डफी

**2018 के बाद टॉप पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया। डफी ने नंबर-1 का ताज वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन को हटा कर हासिल किया है।

उन्होंने पाक के खिलाफ 2 टी-20आई मैचों में 5 विकेट झटके थे और अपनी टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। डफी को चार स्थान का फायदा डफी ने चार पायदान का छलांग लगाया है। उनके 723 अंक हो गए हैं। वहीं अकील दूसरे स्थान पर हैं। उनके 714 अंक हैं। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (706 रेटिंग) को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा भी एक-एक पायदान नीचे लुढ़क गए हैं। रशीद चौथे पर जबकि हसरंगा पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। जम्पा छठे नंबर चले गए हैं। इसके बाद नंबर-7 से लेकर नंबर-10 के गेंदबाजों की पाजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में लिए 13 विकेट डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 13 विकेट लिए। जिसमें एक मैच में उन्होंने 14 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं न्यूजीलैंड ने सीरीज को 4-1 से जीता। 2018 के बाद किसी न्यूजीलैंड गेंदबाज ने टी-20 में टाप पर पहुंचा डफी 2018 के बाद टी-20 में टाप रैंकिंग पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड गेंदबाज बन गए हैं। 2018 में ईश सोढ़ी ने टी-20 में टाप पर पहुंचे हैं। 2020 में डफी ने टी-20आई में किया डेब्यू डफी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20आई डेब्यू किया। उन्होंने अब तक खेले 23 मैचों में 32 विकेट लिए हैं।

## गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी

**दिसम्बर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला, वेस्टइंडीज से भी भिड़ेगी टीम इंडिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया आस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच होगा। टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

## महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर, मैच अधिकारी घोषित

● **छह टीमों का यह टूर्नामेंट 9 से 19 अप्रैल तक पाक में होगा**

**दुबई, वार्ता।** इस महीने होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर और मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट नौ से 19 अप्रैल के बीच पाकिस्तान में होगा, जिसमें दो शीर्ष टीमें इस साल के आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की करेंगी। पैनल में 10 अंपायर और तीन मैच रेफरी शामिल होंगे, जबकि मेजबान देश पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व फैजल खान अफरीदी और सलीमा इम्तियाज अंपायरिंग पैनल में करेंगे। पिछले साल सलीमा आईसीसी अंपायरों के पैनल में शामिल होने वाली पाकिस्तान की पहली महिला बनीं थीं। उन्होंने उस समय कहा था कि वह एशियाई देश के अंपायरों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगी। सलीमा ने कहा कि यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। आईसीसी मीडिया स्टेटमेंट के अनुसार, बांग्लादेश के पैनल में मसुदुर रहमान मुकुल और शतीरा जाकिर जेसी के रूप में दो अंपायर भी हैं, जबकि जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना के साथ डोनोवन कोच, बैब्स गकुमा, कैंडेस ला बोर्डे, डेडुनु डी सिल्वा और शॉन हैग भी शामिल हैं। अली नकवी, शैंड्रे फिट्ज़ और ट्रुडी एंडरसन मैच रेफरी के रूप में मौजूद रहेंगे और आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी का मानना है कि यह टूर्नामेंट पूरे पैनल को अपनी साख दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। ईज़ी ने कहा कि यह हमारे नियुक्त मैच अधिकारियों के लिए एक रोमांचक अवसर है, जो इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की देखरेख कर रहे हैं, जो विश्व कप की राह पर टीमों के लिए अंतिम कदम है। हमारे अधिकारी अनुभवी और अच्छी तरह से तैयार हैं, और हम उन्हें इस आयोजन में भाग लेते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

**रेफरी:** अली नकवी (पाकिस्तान), शैंड्रे फिट्ज़ (दक्षिण अफ्रीका), ट्रुडी एंडरसन (न्यूजीलैंड)।

**अंपायर:** बैब्स गकुमा (द. अफ्रीका), कैंडेस बोर्डे आदि।

## इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप : कोच एडवर्ड्स



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है।

इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशा. जनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय स ... कप्तान हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा।

नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा कि हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें।

# कोलकाता ने हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया

● **हैदराबाद के ट्रैविस हेड पहले ओवर में आउट, वैभव अरोड़ा ने कैच कराया**





**कोलकाता, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए।

आईपीएल के 18वें सीजन में 7वीं बार स्कोर 200 तक पहुंचा। एसआरएच ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 6 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पिच पर हैं। ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर पहले ओवर में आउट हो गए, उन्हें वैभव अरोड़ा ने कैच कराया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा के साथ ओप. निंग उतरे ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर कैच आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने ओवर की दूसरी ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे हर्षल पटेल ने 13 रन खर्च किए। इस ओवर में दो विकेट गिरे। आंद्रे रसेल (1 रन) रनआउट हुए, जबकि वेंकटेश अय्यर को हर्षल ने अनिक. ेत वर्मा के हाथों कैच कराया। वे 60 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में लगातार चार बाउंड्री लगाई। इसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा। 18वें ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर में वेंकटेश अ"यर ने लगातार दो चौके लगाए। जबकि रिंकू सिंह ने एक छक्का जड़ा। 13वें ओवर में कोल. काता ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कमिंडु मेंडिस ने हर्षल पटेल के हाथों कैच कराया। इस ओवर की पहली बाल पर अंगकृष ने फिफ्टी पूरी की थी। 12वें ओवर की पहली बाल पर अंगकृष रघुवंशी को जीवनदान मिला। नीतीश रेड्ध्डी से मिडविकेट पर उनका कैच ड्राप हो गया। यहां रघुवंशी 43 रन पर खेल रहे थे। इसी ओवर में टीम का स्कोर 100 रन का आंकड़ा पार कर गया। 11वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान अजिंक्य रहाणे 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जीशान अंसारी ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। जीशान ने 81 रनों की साझेदारी तोड़ी। 8वें ओवर में अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंश ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम ने 16 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।

# मुजतबा ने राहुल गांधी को दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा मलिक ने राहुल गांधी को संगठन मजबूती के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

यह सुझाव मुजतबा मलिक ने राहुल गांधी द्वारा अपने आवास पर मुस्लिम पसमांदा, पिछडो व अल्पसंख्यकों की राजनीति में भागेदारी को लेकर आयोजित बैठक में दिये। मुजतबा मलिक ने पिछडों को राजनीति में महत्वपूर्ण पदों पर समायोजित किये जाने के लिए एक पत्र सौंपा। मुजतबा मलिक ने बताया कि राहुल गांधी ने सुझावों पर विचार का आश्वासन देते हुए पिछड़ो, अल्पसंख्यकों, पसमांदा समाज को उनके राजनीतिक अधिकार उनको देने की बात कही और उसका समर्थन किया।



राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना पर जोर देते हुये कहा कि देश में जातिगत जनगणना से उन लोगो को बड़ा फायदा होगा जो भारी संख्या में होने के पश्चात भी किसी पद पर नहीं पहुँच सके है उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना होना लाजमी है राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग जातिगत जनगणना का विरोध कर रहे है ये वो लोग है जो उनके अधिकारों को दबाये बैठे है कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने बताया कि सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने पस्मांदा समाज को आगे आने के लिये कहा किआज भी वो लोग मुख्य धारा से नहीं जुड़े है। बैठक में पूर्व सांसद अली अनवर, इमरान प्रतापगढ़ी, अब्दुल हसीब आदि मौजूद रहे।

## शातिर बदमाश दबोचा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस ने एसएसपी रोहित सिंह सजवाण के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक अमित प्रसाद के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश रहमान पुत्र इनाम निवासी पुराना घास का अड्डा चकराता रोड थाना मंडी को कृष्णा नगर के पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दबोचे गए आरोपी से की पूछताछ में बताया गया कि बरामद चाकू को मैं लोगों को डराने-धमकाने के लिए रखता हूं। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पूर्व विधायक की गाडी पोल से टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नेशनल हाईवे पर रसूलपुर कट के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया कैराना पुर्व सांसद अमीर आलाम के बेटे बुढ़ाना के पूर्व विधायक नवाजिश आलम की गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे एक पोल से टकरा गई। गनीमत रही कि इस हादसे में विधायक बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। यह घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रसूलपुर कट पर नेशनल हाईवे की स्थिति बेहद खराब है। इस कट पर न तो कोई डिवाइडर है और न ही कोई ट्रैफिक लाइट या संकेतक, जिसके चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों और विधायक के समर्थकों ने इसे नेशनल हाईवे



प्राधिकरण की बड़ी लापरवाही करार दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के व्यस्त और खतरनाक कट पर सुरक्षा उपायों का अभाव हादसों को न्योता दे रहा है। पुर्व विधायक नवा. जिश आलम ने घटना के बाद कहा, यह बेहद दुखद है कि इतने महत्वपूर्ण हाईवे पर बुनियादी सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा जा रहा। अगर समय रहते डिवाइडर या बत्ती की व्यवस्था की गई होती, तो यह हादसा टल सकता था। फिलहाल, पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हाईवे अधिकारियों से इस कट की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी गई है। इस हादसे ने एक बार फिर नेशनल हाईवे पर सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# घरों के ऊपर से हटे हाई टेंशन विद्युत लाइन: उमर



**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण की बैठक में शेरपुर खानाजादपुर व ग्राम नगला में हाईटेंशन लाईन का मुद्दा उठाते हुए उसे तत्काल हटाने की मांग की।

सर्किट हाऊस में आयोजित बैठक में उमर अली खान ने कहा कि मेरी बेहट विधानसभा के गांव शेरपुर खानाजादपुर व ग्राम नगला में घरों के ऊपर से 11 हजार की हाईटेंशन लाईन जा रही है। जिसे हटाने के लिए काफी समय से मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक भी ग्रामीणों की मांग पर कोई सुनवाई नही हुई। उन्होने 11 हजार की लाईन शीघ्र हटाये जाने की मांग की।

# निर्माण कार्यों में हो जनभागेदारी: डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने जीएम जल और जीएम स्मार्ट सिटी को कहा है कि सीएम ग्रिड के अंतर्गत कलक्ट्रेट तिराहे से दीवानी कचहरी तक बनने वाली सड़क का ज्वाइंट सर्वे कर लें ताकि उस क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

महापौर डॉ. अजय कुमार निगम के सभागार में क्षेत्रीय लोगों, पार्षदों व व्यापारियों तथा अधिकारियों के साथ सीएम ग्रिड के तहत बन रही सड़क की प्रगति का स्क्रीन पर प्रेजेंटेशन देख रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि निर्माण कार्यो में जनभागेदारी होनी चाहिए, इसीलिए क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों और पार्षदों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कार्यदायी संस्था और निगम के अधिकारियों से कहा कि पार्किंग की



समुचित व्यवस्था करते हुए पैदल चलने वाले लोगों का अधिकार सुरक्षित रहे, पार्किंग को ही सारी सड़क न देकर पर्याप्त फुटपाथ की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुंदर बनेगी तो उस क्षेत्र के व्यापारियों का व्यापार भी बढेघ्गा। महापौर ने क्षेत्रीय लोगों और व्यापारियों को कहा कि यदि कोई और सुझाव होगा तो कार्य स्थल पर ही उस पर विचार विमर्श कर लिया जायेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था व अधिकारियों को सड़क का एक सैम्पल बनाने के भी निर्देश दिए।

महापौर द्वारा पूछे जाने पर कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि आक. ाश ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण का कार्य 26 दिसम्बर 24 से शुरु किया गया था। 15 अक्तूबर तक सड़क को चलने लायक बना दिया जायेगा और उसके बाद उसमें सौंदर्यीकरण आदि का कार्य करते हुए 15 जनवरी 2026 तक कार्य पूरा कर दिया जायेगा। इस पर महापौर व क्षेत्रीय लोगों ने 15 सितंबर तक सड़क को चलने लायक बनाने पर जोर दिया।

इस दौरान समाजसेवी महेंद्र तनेजा, पार्षद अमित त्यागी ने सीवर लाइन की समस्या से अवगत कराते हुए कॉलोनियों के आवश्यक कनेक्शन जोड़ने पर जोर दिया। पार्षद दिग्विजय चौहान ने कहा कि यह ध्यान रखा जाए कि बार-बार पानी लिकेज न हो, इससे सड़क खराब हो जाती है। बैठक में उपसभापति/पार्षद मुकेश गक्खड़, पार्षद अनुज जैन के अलावा अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एमएलसी शाहनवाज खान ने उठाएं बिजली के मुद्दे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अफसरों के समक्ष विद्युत संबंधी समस्याओं को उठाते हुए जनहित में उनके निस्तारण की मांग की।

सर्किट हाऊस में आयोजित बैठक में शाहनवाज खान ने निगम की बैठक में कहा कि आज भी विद्युत विभाग के कारण लोगों को दिक्कतें झेलनी पड रही है। छोटी-छोटी समस्याओं का यदि विभाग समय रहते निदान कर दें तो वह बडी न बने। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता ले, ताकि उन्हें बेवजह परेशान न होना पडे।

## एम शाहिद जुबैरी ने जमीअत के पदों से दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जमीअत उलेमा हिन्द के नगर उपाध्यक्ष एम शाहिद जुबैरी ने अस्वस्था का हवाला देते हुए अपने पद व सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

जमीअत उलेमा हिन्द के जिलाध्यक्ष मौलाना हबीबुल्लाह मदनी के लिखे पत्र में एम शाहिद जुबैरी ने अपनी अस्वस्था का हवाला देते हुए अपने तमाम पदों व सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। एम शाहिद जुबैरी एक लम्बे अरसे से जमीअत उलेमा हिन्द से जुडे रहे है और उन्होने अपनी सेवाओं से मुल्क व कौम की काफी खिदमात को अंजाम दिया है। उन्होने अब अपनी अस्वस्था का हवाला देते हुए अपने पद व प्रारम्भिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

# नए सत्र के बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नये सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों का शिक्षा विभाग द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया।उप्राविे छिदबना में ग्राम प्रधान रिजवान अहमद, डा. जाकिर तथा विप्रस के अध्यक्ष मसूद अली ने बच्चों को निशुल्क पाठय पुस्तक का वितरण किया। जिसके बाद शिक्षकों द्वारा गांव में स्कूल चलों अभियान रैली निकाली। रैली में श्यामलाल, सीमा, बिन्दु, संगीता यादव, विपेन्द्र, रजनी, रश्मि, नूतन, सरिता, प्राची तया राजवीर द्वारा सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपीसीडको चेयरमैन वाई पी सिंह ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर छह अप्रैल को भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा

वाई पी सिंह आज भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं पार्षदों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय की सजावट की जाएगी और कार्यालय पर ध्वजारोहण उपरांत मिष्ठान वितरण किया जाएगा। भाजपा के सभी जनप्रति. निधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता को अपने अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाना है। भाजपा के ध्वज के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना है। भाजपा के 45 वर्षों की सफल यात्रा की प्रदर्शनी




लगानी है।

उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति के सदस्य, पन्ना प्रमुख, प्राथमिक व सक्रिय सदस्य एकत्र होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और उत्साहपूर्वक स्थापना दिवस मनाएंगे। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया जाएगा जिसमे पार्टी के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहेंगे।

वाई पी सिंह ने कहा कि 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान आयोजित किया जाएगा जिसमे पार्टी के पदाधिकारी व निर्वाचित जनप्रतिनिधि गांवों, मोहल्लों और मलिन बस्तियों में प्रवास कर जनता से संवाद स्थापित कर भाजपा की 45 वर्ष की यात्रा के विषय में चर्चा करेंगे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर चर्चा की जाएगी व भाजपा के ध्वज के साथ प्रत्येक मोहल्ले व गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। चौपाल का आयोजन किया जाएगा व भाजपा के वरिष्ठ लोगों, आपातकाल सेनानी व कारसेवकों का सम्मान किया जाएगा। सभी गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा व आंगनबाड़ी केंद्र, बेसिक स्कूल, पशु अस्पताल, पीएचसी व पंचायत कार्यालयों के दौरा कर सरकारी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानक. ारी ली जाएगी।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, एससी आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि, मनोज ठाकुर, योग चुघ, अरुण यादव, किशोर शर्मा, गौरव गर्ग, नीरज गुप्ता, विक्रम शर्मा, प्रवीण छाबड़ा, दुष्यंत यादव सहित सभी पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यटन व शैक्षिक केंद्र बनेंगे गौ परिसर: संजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का पूरा गौ-परिसर एक पर्यटन केंद्र और शैक्षिक केंद्र के रुप में विकसित किया जायेगा।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज इस सम्बंध में गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी/मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व प्रभारी/पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा सहित निर्माण व जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ पूरी कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने इसके लिए उक्त दोनों अधिकारियों एवं नगर स्वास्थय अधिकारी को शामिल करते हुए एक समिति का गठन किया और इस सम्बंध में तीन दिन के भीतर एक संयुक्त डीपीआर बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीपीआर में सड़कों, बाउण्ड्री वॉल, ईटीपी प्लांट,



विक्टोरियन लाइट आदि को शामिल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एक चिकित्सक कक्ष के निर्माण का भी सुझाव दिया।

नगरायुक्त ने कान्हा उपवन गौशाला गौमय उत्पादों गोनाईल, गोबर पेंट, गौकाष्ठ, धूपबत्ती, दिए व हवन सामग्री आदि का सौशल मीडिया व अन्य माध्यमों से वृहद प्रचार प्रसार करने तथा उनकी ऑफ लाइन व ऑन लाइन व्यवसायिक बिक्री बढ़ाने को कहा। उन्होंने गौशाला के दुग्ध का उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए एक मिल्क पार्लर चलाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने गौशाला व नंदीशाला से निकलने वाले पानी को उपचारित करने के लिए एक ईटीपी प्लांट शीघ्र लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने एक ऐसी खुली बैलगाड़ी (बुलक कॉट) बनवाने का भी सुझाव दिया जिसमें बैठकर बच्चे व वरिष्ठ नागरिक गौशाला, नंद. ीशाला व उसके निकट अमृत सरोवर का भ्रमण करते हुए प्रकृति का आनंद ले सकें।

नगरायुक्त ने स्मार्ट सिटी द्वारा अम्बाला रोड पर निर्मित कराये जा रहे हैबीटेट सेंटर पर एक दुकान गौ उत्पादों की बिक्री के लिए आरक्षित रखने को कहा। बैठक में महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक कुमार तथा स्मार्ट सिटी जीएम दिनेश कुमार व कंपनी सचिव शंकर तायल आदि मौजूद रहे।

## दो संदिग्ध पकड़े, अफीम, मोबाइल व नकदी बरामद

**गंगोह।** पुलिस ने एक होटल से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गणेश शंकर विधार्थी चौक के समीप स्थित एक होटल से दो संदिग्ध युवकों को पकडकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 610 ग्राम अवैध अफीम, इलैक्ट्रिक कांटा, दो मोबाईल, बजाज मोटरसाईकिल व 2100 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा कायम करदोनों को अदालत में पेश कर दिया है। आरोपियों के नाम सुशील उर्फ सिल्लू व सुरजीत उर्फ टोनी निवासीगण ग्राम गढी हसनपुर थाना झिंझाना शामली बताये गये है। पुलिस टीम में एसआई नीरज पंवार, विरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबिल अजित, अमित व रिंकू रहे।

# नाबालिग बच्चियों को बालिग बनाने का आरोप

**सहारनपुर।** नाबालिग बच्चियों से अश्लील हरकत करने वाले युवक को बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने नाबालिग बच्चियों को बालिग बना दिया। इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार आज जिला मुख्यालय पहुंचा और मामले की जांच का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।

आज थाना कुतुबशेर अंतर्गत आदर्श नगर मिगलानी बिल्डिंग के समीप निवासी श्रीमती सुनीता सैनी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति ओमपाल सिंह सैनी एवं अशोक सैनी सहित समाज के लोगों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची और उन्होंने जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि उनकी 10 वर्षीय बेटी ओर जेठानी की 12 वर्षीय बेटी घर से बाहर खेल रही थी। 29 मार्च को एक 25 वर्षीय युवक ने पहले दिन दोनों बच्चियों से पता पूछने के बहाने बात की। फिर उनसे दोस्ती करने की बात कही। फिर अगले दिन 30 मार्च को बच्चियों से रास्ता पूछा तथा अश्लील हरकतें करते हुए एक्टिवा पर बैठाने का प्रयास किया। बेटियां चिल्लाते हुए घर की ओर दौड़ी। इसी दौरान आरोपी फरार हो गया। दोनों बच्चियों ने पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को बताई । मां सुनीता ने बताया कि वो शहर से बाहर थी। उनकी जेठानी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी उन्हें फोन पर दी और जब में शहर पहुंची तो पास में लगे सीसीटीवी फुटेजदेख कर हैरान रह गई। उन्होंने बताया कि बच्चियों से छेड़छाड़ कर रहा है और गंदी हरकत करते भी दिख रहा है तब सीसी सीसीटीवी फुटेज और बच्चियों को लेकर शिकायती पत्र लेकर थाने पहुंची तो पुलिस ने शिकायत पत्र लेकर रख लिया। सुनीता ने बताया कि शनिवार को आरोपी युवक को पुलिस ने थाने बुलवाया जहां वह काफी संख्या में लोगों को लेकर गया था तथा समझौता करने का दबाव बनाने लगा। हम लोगों ने कोई समझौता नहीं किया। श्रीमती सुनीता ने बताया कि पुलिस उन पर लगातार समझौते का दबाव बना रही थी, लेकिन उनके द्वारा कार्रवाई की मांग पर पुलिस ने आरोपी आरिफ पुत्र अरीब पुत्र आमीर निवासी ढोलीखाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने भी सांठगांठ कर उनकी नाबालिग बच्चियों को 17 वर्ष की बना दिया। जबकि उनका जन्म जिला चिकित्सालय में ही हुआ है और उनके जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका और जिला चिकित्सालय द्वारा जारी किए गए हैं जिसमें उनकी आयु 10 वर्ष और 13 वर्ष है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने आरोपी को बचाने के लिए उनकी बच्चियों को 17 वर्ष की बना दिया।

# राशन कोटे में हेराफेरी की सीएम से शिकायत

**बेहट।** दीप सहायता समूह की पदाधिकारियों ने समूह की अध्यक्ष पर आपूर्ति विभाग की मिलीभगत से राशन कोटे की बचत में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कार्यवाही की मांग की गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में दीप सहायता समूह की सचिव दीपा रानी, कोषाध्यक्ष सरस्वती सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि उन्होंने गांव लतीफपुर भूड़ में पिछले काफी समय से समूह चला रखा है। गांव का राशन कोटा भी समूह को आवंटित किया गया था। आरोप है कि समूह की अध्यक्ष ने बैंक में समूह के नाम से खाता ना लगाकर निजी बैंक खाता लगाया है और पिछले तीन महीने से राशन कोटे की बचत केवल अपने आप रख रही है और समूह के अन्य सदस्यों को बचत की हिस्सेदारी नहीं दी जा रही। मामले को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री से कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। शिकायती पत्र पर पुष्पा देवी, सरिता दीपा रानी, सरस्वती, संयोगितां के हस्ताक्षर है।

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र नागर व उपनिरीक्षक रणपाल सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना एक वांछित आरोपी काका उर्फ नारद पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी जनकनगर थाना जनकपुरी को गिरफ्तार किया।

# पूर्व चेयरमैन खालिद ने कराया 5 कन्याओं का विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** एक बार फिर समाज सेवा और मानवता की भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। पूर्व चेयरमैन खालिद खान के कार्यालय पर पांच गरीब और जरूरतमंद कन्याओं का निकाह बड़े ही भव्य और सादगीपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया। हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ मिलकर इन कन्याओं को अपनी दुआएं दीं और विवाह समारोह को और भी खास बना दिया।

इस नेक कार्य की शुरुआत खघलिद खान के बेटे व युवा नेता साहिल खान ने की जिन्होंने अपने निजी पैसे से इन पांच कन्याओं के विवाह का आयोजन किया। साहिल खान की इस पहल ने न केवल इन गरीब परिवारों की खुशियों को दोगुना किया बल्कि यह भी दिखाया कि



सच्ची सेवा और दरियादिली का मतलब क्या होता है। दान दहेज के साथ कन्याओं को खुशी खुशी विदा किया गया। जिससे इस समारोह में हर तरफ हर्षोल्लास और भावनाओं का माहौल छाया रहा।

खान परिवार की यह परंपरा नई नहीं है। यह परिवार वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी दरियादिली और नेक दिली के लिए जाना जाता है। जनपद की कद्दावर नेता श्रीमती शगुफ्ता खान और उनके पति खघलिद खान ने हमेशा जरूरतमंदों की मदद को अपनी प्राथमिकता दी है। वे साल दर साल गरीब विधवा और वृद्ध महिलाओं को कंबल, राशन वितरण जैसी सेवाएं देते आ रहे हैं। इसके अलावा अब तक नगर की कई दर्जन कन्याओं के विवाह अपने निजी खर्च पर कर चुके हैं। पूर्व चेयरमैन खघलिद खान ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे गरीब लोगों की मदद करने से हमें सच्ची खुशी मिलती है। किसी के चेहरे पर मुस्कान देखना सबसे बड़ी दौलत है। वहीं साहिल खान ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भविष्य में भी मैं इसी तरह जरूरतमंदों की मदद करता रहूंगा। यह हमारी परिवार की परंपरा है और इसे हम आगे भी निभाते रहेंगे। इस मौके पर अर्सलान खान, सभसद अमजद खान, राव अब्दुल्ला, इरफान पंसारी, हाजी मुनीर अहमद, इरशाद रशीद, नदीम जिंदाहसन आदि शामिल रहे।

# ज्ञापन सौंप ग्राम पंचायत समिति गठन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भीम आर्मी जय भीम संगठन ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत कल्लरपुर गुर्जर में पंचायत समिति का गठन कराए जाने की मांग की है। साथ ही जल्द ही समिति का गठन न कराए जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिला अध्यक्ष सन्नी गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ता खंड विकास कार्यालय पर पहुँचे और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।बाद में कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी सोनिका चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत कल्लरपुर गुर्जर के ग्राम प्रधान की मृत्यु होने के कारण ग्राम पंचायत की समिति का गठन होना था। जिसमें प्रशासन द्वारा 4 मार्च की तारीख निर्धारित की गई थी। आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के समिति के गठन को निरस्त कर दिया। इसके बाद प्रशासन ने समिति का गठन करने के लिए 24 मार्च की तारीख निर्धारित की। लेकिन दोबारा भी बिना किसी सूचना के इसको निरस्त कर दिया गया।कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत कल्लरपुर गुर्जर में पंचायत समिति का जल्द ही गठन कराया जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्राम पंचायत समिति का गठन नहीं किया जाता तो भीम आर्मी जय भीम संगठन व सामाजिक एकता संगठन मिलकर बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत सदस्यगण उपदेश कुमार, सीताराम, अर्जुन सिंह, अंकित कुमार, शिवम, प्रियंका देवी, अनुज आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

## ट्रम्प के टैरिफ का असर

अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इससे पहले ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। भारत को भी अमेरिका की इस नीति का जवाब देना चाहिए। ऐस समय में भारत की विदेश नीति बहुत काम आ सकती है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि भारत ही अमेरिका से आयात करता हो, अमेरिका भी भारत से कुछ चीजों का आयात करता है। आयात और निर्यात देशों की आपसी विदेश नीति का हिस्सा है। जो किसी भी देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है। टैरिफ के मामले अगर दो देश आमने-सामने हो जाएं, तो देशों के विकास में अवरोध आ सकता है। इसलिए किसी भी देश को इस पर बहुत सोच-विचारकर कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प की इस नीति से भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों और शेयर बाजार में उथल-पुथल दिख सकता है। यदि ट्रम्प ने अनुमान से कम टैरिफ की घोषणा की, तो फार्मा और आईटी सहित निर्यात से जुड़े क्षेत्रों से जुड़े शेयर मजबूत हो सकते हैं। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में आने वाले समय में हम उछाल देख सकते हैं। जानकारों का मानना है कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिका के टैरिफ से अधिक शुल्क लगाए हैं। इसका साफ मतलब है कि अमेरिकी टैरिफ के निशाने पर प्रमुख रूप से भारत भी है। अमेरिका के जवाबी टैरिफ से देश का फार्मा, ऑटोमोबाइल, कृषि और वस्त्र उद्योग पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। इससे अरबों का व्यापार बाधित हो सकता है। विश्लेषकों को आशंका है कि अमेरिका और अन्य देश यदि जवाबी कार्रवाई का मन बनाने लगे, तो वर्तमान हालात व्यापार युद्ध में बदल सकता है। केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ लगाने से निर्यात-संचालित क्षेत्रों की गति बाधित हो सकती है। इसके साथ ही इससे प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं के बीच कीमतों के मोर्चे पर एक नई प्रतिस्पर्धा भी शुरू हो सकती है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी होगा कि स्पष्ट संकेत न मिलने तक निजी क्षेत्र अपने पूंजीगत व्यय से परहेज कर सकता है। माना जा रहा है कि कृषि क्षेत्र में अमेरिका के जवाबी टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव मछली, मांस और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन के निर्यात पर पड़ेगा। 2024 में इनका निर्यात 2.58 अरब डालर था। अब हालिया घटनाक्रम के बीच इस क्षेत्र पर 27.83 प्रतिशत से अधिक टैरिफ का भार बढ़ सकता है। ऐसे में अमेरिका को झींगे का निर्यात टैरिफ लागू होने के बाद प्रभावित हो सकता है। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक और मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता का मानना है कि अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से भारत अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।

## वक्फ विधेयक समाज को बांटने की रणनीति



सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है, भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए, कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में जबरन पारित किया गया, इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है, इस तरह के विधेयक पारित कर भाजपा समाज को स्थायी रूप ध्रुवीकरण की स्थिति में रखने की सोची समझी राजनीति के तहत काम कर समाज को बांटने में लगी है, लगता है कि कांग्रेस को भी आक्रामक तरीके से भाजपा शासित राज्यों में सरकार की विफलताओं और कुशासन को उठाना चाहिए।

**श्रीमती सोनिया गांधी**
**नेता, कांग्रेस संसदीय दल**

## घिब्ली की दुनिया बनाम हकीकत: कला रोजगार और मौलिकता का संघर्ष

**आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है, लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बना एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं, टिकटॉक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मजेदार कंटेट बनाया जा रहा है, यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है**



प्रियंका सौरभ

रोजगार हमारी ज़रूरतों के लिए आवश्यक है, लेकिन कला और मनोरंजन मानसिक शांति और प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इमेजरी और एआई टूल्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं, जिससे मौलिकता पर सवाल उठ रहे हैं। पहले जहां कलाकारों को महीनों मेहनत करनी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही आर्ट तैयार कर देता है, जिससे असली कलाकारों को चुनौती मिल रही है।

अगर हम हकीकत की दुनिया में देखें, तो रोज़गार ज़रूरी है। बिना नौकरी या व्यवसाय के, सिर्फ घिब्ली की खूबसूरत दुनिया में खोकर पेट नहीं भरा जा सकता। लेकिन मानसिक शांति और प्रेरणा के लिए कला भी आवश्यक है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल की इमेज और वीडियो एक ट्रेंड बन चुके हैं। लोग पिनटेरेस्ट, इंस्टाग्राम और टिकटोक पर इसे देखकर टाइम पास कर रहे हैं, कुछ इसे खुद ट्राई कर रहे हैं, और एआई टूल्स की मदद से घिब्ली-स्टाइल की इमेज बना रहे हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है। लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बनी एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं। टिकटोक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मज़ेदार कंटेंट बनाया जा रहा है। कुछ एआई टूल्स अब आपकी असली फोटो को भी घिब्ली स्टाइल में बदल सकते हैं, जिससे लोग अपनी तस्वीरों को फेयरीटेल लुक दे रहे हैं। यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है। क्या एआई जनरेटेड आर्ट असली कला की जगह ले सकती है?

एआई-जनरेटेड घिब्ली स्टाइल इमेजरी ने मौलिकता पर सवाल खड़ा कर दिया है। पहले कलाकारों को महीनों मेहनत करके घिब्ली जैसी पेंटिंग बनानी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही कुछ तैयार कर देता है। लोग खुद से नया सोचने के बजाय रेडीमेड आर्ट पर निर्भर हो रहे हैं। असली कलाकार अब एआई-जेनरेटेड कंटेंट से मुकाबला करने को मजबूर हैं। एआई और टेम्प्लेट्स के चलते 'कुछ हटकर' करने की सोच धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अगर आर्ट को केवल एक ट्रेंड बना दिया गया, तो मौलिकता धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। इसका समाधान यह है कि लोग घिब्ली स्टाइल से प्रेरणा लेकर अपनी खुद की यूनिक कहानियां और आर्ट बनाएं, न कि बस इंटरनेट पर मौजूद चीज़ों को दोहराएं। घिब्ली की आत्मा सिर्फ उसकी खूबसूरत विज़ुअल्स में नहीं, बल्कि उसकी गहरी कहानियों और भावनात्मक जुड़ाव में है। अगर किसी को घिब्ली की दुनिया इतनी पसंद है कि वह इसमें कुछ नया जोड़ना चाहता है, तो यह एक रोजगार का साधन भी बन सकता है। उदाहरण के लिए डिजिटल आर्टिस्ट घिब्ली-स्टाइल आर्ट बनाकर पैसा कमा सकते हैं। मर्चेंडाइज़ बिज़नेस (पोस्टर, स्टिकर, कपड़े) से आय हो सकती है।

ल्वनज्नइम और सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल कंटेंट क्रिएट करना एक करियर विकल्प हो सकता है। एनिमेशन इंडस्ट्री में घिब्ली से प्रेरित होकर ओरिजिनल शॉर्ट फिल्म्स और सीरीज़ बनाई जा सकती हैं। गेम डिज़ाइन और वीएफएक्स स्टूडियो में भी घिब्ली जैसी विज़ुअल स्टाइल को अपनाकर कैरियर बनाया जा सकता है। हालांकि, केवल घिब्ली की दुनिया में खोए रहना नुकसानदायक हो सकता है। असली ज़िंदगी के काम टलते रहते हैं, और लोग प्रोडक्टिविटी खो सकते हैं। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है और अपने करियर पर ध्यान नहीं देता, तो यह एक समस्या बन सकती है। घिब्ली की दुनिया आदर्श (**Idealistic**) होती है। जहां हर चीज़ खूबसूरत, शांत और जादुई होती है। लेकिन असली दुनिया संघर्ष, तनाव और कठिनाइयों से भरी होती है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। समय की बर्बादी: लोग घंटों तक घिब्ली मूवीज़, पिनटेरेस्ट आर्ट, एआई-जनरेटेड इमेज और इंस्टाग्राम रील्स देखते रहते हैं। यह 'टाइम पास' कब 'टाइम वेस्ट' में बदल जाता है, पता भी नहीं चलता। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है, लेकिन उसे अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए, तो यह नुकसानदेह हो सकता है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। कुछ लोग इस वजह से प्रेरणा और महत्वाकांक्षा (**Ambition**) भी खो सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इतना लोकप्रिय हो गया है कि कई कलाकार अपनी खुद की स्टाइल डिवेलप करने के बजाय सिर्फ घिब्ली-स्टाइल आर्ट कॉपी कर रहे हैं। घिब्ली स्टाइल एन्जॉय करें, लेकिन उसमें खो न जाएं। अगर आपको आर्ट पसंद है, तो इसे एक स्किल में बदलें, जिससे आप कमाई कर सकें।

अपने करियर और लाइफ गोल्स को इग्नोर न करें। काम ज़रूरी है, कला सिर्फ सुकून के लिए है। मौलिकता बनाए रखें। घिब्ली से प्रेरित हों, लेकिन अपनी खुद की यूनिक स्टाइल डेवलप करें। टाइम मैनेजमेंट करें। आर्ट और मनोरंजन का आनंद लें, लेकिन काम और ज़िम्मेदारियों को नज़रअंदाज़ न करें। घिब्ली का जादू खूबसूरत है, लेकिन अगर यह हमारी असली ज़िंदगी को प्रभावित करने लगे, तो नुकसान हो सकता है। बैलेंस बनाना ज़रूरी है। कला और करियर, कल्पना और हकीकत के बीच! घिब्ली-प्रेरित कला को करियर में बदला जा सकता है। डिजिटल आर्ट, मर्चेंडाइज़, यूट्यूब कंटेंट और एनिमेशन इंडस्ट्री में इसका उपयोग हो सकता है। लेकिन सिर्फ घिब्ली की दुनिया में खो जाना नुकसानदेह हो सकता है। यह समय की बर्बादी, करियर पर असर, असली दुनिया से डिस्कनेक्ट और मौलिकता की कमी ला सकता है।समाधान यह है कि घिब्ली की प्रेरणा से कुछ नया और मौलिक बनाया जाए, न कि केवल कॉपी किया जाए। कला और रोजगार के बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है ताकि हम जीवन के दोनों पहलुओं का पूरा लाभ उठा सकें।



## अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में लगे मास्टर छोटूराम

**किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली, छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए, पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है**

**1 लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है, भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है**

**2 प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है, कभी कलाकारों के फन ने तो अभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है**



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षक मास्टर छोटूराम आज किसी परिचय के मोहताज़ नहीं है। देश-विदेश में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस ज़माने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हां, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुंचाया है।

देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे व् सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी क़ीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज़ करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फ़िल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहा. सिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नज़र आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएं वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएं समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है।

## अफगानिस्तान: विकास बंदूक की नाल में नहीं है!



**अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है, फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों के शोर है, किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है मोहब्बत आबाद हुई, आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है**



पवन सिंह

अफगानिस्तान तेजी से बदल रहा है। हर ओर पुनर्निर्माण और पुनर्निवेश व पुनर्वास के कार्य जारी हैं। इस बदलते अफगानिस्तान के पीछे केवल एक शब्द है 'शांति'। तालिबानियों को कभी हर बात का हल एके-47 की नाल से निकलता नजर आ रहा था लेकिन अब उनकी समझ में आ चुका है कि हर बात का हल नफरत और एके-47 से नहीं हो सकता। जिस तालिबान को लगता था कि केवल उनका ही मजहब बेहतरीन है वो अब शांति से जीना चाहते हैं। वो अपने देश को फिर से आबाद कर रहे हैं। जिन तालि. बानियों ने बामियान की बेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों बौद्ध प्रतिमाओं को तोप से उड़ा दिया था उन्हें फिर से सहेजने लगे हैं।

नफरत और हिंसा से जब बहुत कुछ खत्म हो गया। लाखों लाशें गिर गईं तो फिर से याद आया कि वे गलत थे। अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है। फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों का शोर है। किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है। मोहब्बत आबाद हुई। आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है। भारत लाखों स्किल्ड लेबर अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भेज रहा है क्योंकि अब भारत पुराने अफगानिस्तान की राह पर है और जिस स्किल्ड लेबर की जरूरत हमें थी वह हम अफगानिस्तान और इजरायल भेज रहे हैं। आज अफगानिस्तान पर एक रिपोर्ट पढ़ रहा था तो पिछले साल लखनऊ में लगी लंबी-लंबी कतारें आंखों के सामने आ गईं जब हजारों युवा रोटी के लिए परिवार, घर और मुल्क छोड़कर जाने के लिए तैयार दिखे। अफगानिस्तान ने बीते कुछ सालों में जबरदस्त बदलाव किए हैं और इसमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सहायता बड़ी भूमिका निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को करीब 30 बिलियन डॉलर की सहायता मिली है। जिसका उपयोग सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, सुशासन, विकास की विभिन्न योजनाओं पर खर्च हो रहा है। जो अफगानिस्तान कभी मादक पदार्थों से पैसा कमाकर उसे विध्वंस पर खर्च करता था, वही अब अंतर्राष्ट्रीय सहायता राशि से मादक पदार्थों की तस्करी रोक रहा और भ्रष्टाचार रोकने के उपायों पर खर्च कर रहा है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अपने देश की पुनर्निर्माण परियोजनाओं और गतिविधियों की स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ निगरानी के लिए एसआईजीएआर नाम की एक संस्था खड़ी की है। यह संस्था अमेरिकी सहायता से जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन पर कड़ी नजर रखी रही है। लेखापरीक्षा और जांच करना, मितव्ययिता, दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें करना और पैसों का दुरुपयोग रोकने की दिशा में सक्रिय है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त निवेश कर रही है। वह अपने बांधों, सड़कों व कृषि पर जबरदस्त कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा सुधारने की दिशा में जबरदस्त कार्य आरंभ किया है। उसने 19 प्रांतों में 113 संगठनों के साथ भागीदारी की है। प्याज, पिस्ता, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स उत्पादन को अफगानिस्तान ने तेजी से बढ़ाया है। साथ ही खनिज निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2020-21 में तालिबानी सरकार बनने से पहले अफगानिस्तान से निर्यात 825.78 मिलियन डॉलर और आयात 509.49 मिलियन डॉलर था। वहीं भारत से अफगानिस्तान को निर्यात लगातार घटता रहा है। वर्ष, 2021-22 में यह 554.47 मिलियन डॉलर था जो कि वर्ष, 2022-23 में गिरकर 437.05 मिलियन डॉलर रह गया और वर्ष 2023-24 में 355.45 मिलियन डॉलर तक लुढ़क गया। उधर अफगानी मुद्रा ने भारतीय रुपये को दौड़ा रखा है। हमारी मुद्रा कभी चीन, जापान और अमेरिका से टकराने की ओर बढ़ रही थी अब हमने इतनी प्रगति की है भूटान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपनी मुद्रा की तुलना करने की हैसियत में आ चुके हैं। अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को जबरदस्त मानवीय सहायता दी। अफगानी बाजार में डॉलर की कमी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उधर तालिबानियों को भी शांति का मतलब पता चला तो अफ़गान मुद्रा में शानदार स्थिरता आई। अफ़गान मुद्रा का अपेक्षाकृत उच्च मूल्य अफ़गानिस्तान के लंबे इतिहास और विभिन्न देशों के साथ विभिन्न कृषि उत्पादों के व्यापार की प्रतिष्ठा के कारण है, जबकि अन्य देशों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में इसकी भागीदारी सीमित है। अफ़गान अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर होने लगी, जिसका श्रेय आंशिक रूप से तालिबान के उपायों को जाता है, जैसे तस्करी के आयात पर प्रति. बंध, बैंकिंग लेनदेन पर नियंत्रण और संयुक्त राष्ट्र से सहायता। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार लौह अयस्क, संगमरमर, तांबा, सोना, जस्ता और अन्य मूल्यवान खनिजों तथा दुर्लभ-पृथ्वी खनिजों से जुड़ी खनन गतिविधियों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। वे खनन कार्यों, मीडिया, दूरसंचार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर कर लगाते हैं। इसके अलावा, वे कृषि फसलों और संचित धन पर कर लगाते हैं। ये कारक सामूहिक रूप से अफ़गानिस्तान में आर्थिक गतिशीलता में योगदान करते हैं और कुछ हद तक अफ़गानिस्तान की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं। वहीं दूसरी ओर, भारत हाल के वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति, कम विकास राजकोषीय घाटे और व्यापार असंतुलन जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। यही नहीं, भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता, हिंसा और जनता में पर्चेजिंग पावर का लगातार कमजोर होते जाना भी भयावह साबित हो रहा है। इन सभी कारकों ने भारतीय रुपये के प्रति विश्वास और मांग को कमजोर कर दिया है।

## गर्मियों में हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को कैसे रखें ठंडा

गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसी के साथ हीट स्ट्रोक और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होने लगी हैं। गर्मी के दिनों में न सिर्फ बाहर का वातावरण गर्म होता है बल्कि हमारा शरीर खुद भी अंदर से बहुत गर्म हो जाता है। जब हमारा शरीर अंदर से गर्म हो जाता है तो हमें थकान और हीट स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का भी खतरा रहता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।

### पानी और जूस पीते रहें

अगर आप इन गर्मियों के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आपको पानी पीते रहना चाहिए। गर्मियों के दिनों में यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप सामान्य से ज़्यादा पानी पिएं। इतना ही नहीं, आपको इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। ऐसे पेय पदार्थ आपके शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं।

### नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें

अगर गर्मी के मौसम में आपका शरीर अंदर से बहुत ज्यादा गर्म हो रहा है, तो आपको नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं, तो आपके शरीर का तापमान नियंत्रण में रहता है। अगर नहाने के बाद भी आपको बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है, तो आप अपनी कलाई, गर्दन, माथे और पैरों पर कूलिंग पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको गर्मी से राहत मिलती है।

### हाइड्रेटिंग फल व सब्जियां खाएं

अगर आप गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां शामिल करना शुरू कर दें। जब आप अपनी डाइट में खीरा, तरबूज़ और खट्टे फल शामिल करते हैं, तो आपको गर्मी से काफ़ी राहत मिलती है।

### हल्के और ढीले कपड़े पहनने से आराम मिल सकता है

गर्मी के इन दिनों में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं, इसका आपके शरीर के तापमान पर गहरा असर पड़ता है। आपको हल्के और ढीले कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपके शरीर का तापमान न बढ़े दिनभर ठंडक बनी रहे, और आप हल्का और आरामदायक महसूस करे। हल्के कपड़े पहनने से आपको गर्मी कम लगेगी।

# इजरायल ने रातभर बरसाए गाजा पर बम

## 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल



**देर अल-बलाह।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई।

खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिका. रियों ने कहा था कि इजरायल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके

### हमास ने हथियार डालने की मांग ठुकराई

बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इजरायल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इजरायल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की है कि इजरायल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को श्मोराग कारिडोरश का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह श्दूसरा फिलाडेल्फिया कारिडोरश होगा, जो मिस्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इजरायल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि वो हमें हमारे बंधक सौंप दे। फलस्तीनी प्राधिकरण ने नियोजित गलियारे को अस्वीकार कर दिया है। वहीं, हमास ने भी इसका विरोध किया है। हमास ने कहा है कि वह केवल शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास ने बदले में अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है।

# 40 साल बाद स्पेस जाएगा कोई भारतीय

## मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे शुभांशु

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन चार के तहत मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। इस मिशन में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक अपडेट में इसकी जानकारी दी। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। अभी वह इंडियन एयरफोर्स में आफिसर है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। चार देशों के चार एस्ट्रोनाट स्पेस स्टेशन जाएंगे इनमें एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। तरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे।



स्लावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। शुभांशु मिशन पायलट, स्लावोज और टिबोर मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। व्हिटसन कमांडर होंगी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में ये एस्ट्रोनाट उड़ान भरेंगे। इस मिशन को फाल्कन-9 राकेट से फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लान्च किया जाएगा। लान्च की तारीख फाइनल अप्रूवल और मिशन की तैयारियों के अनुसार घोषित होगी। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन करना है। यह मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को प्रोत्साहित करने और भविष्य में एक कामर्शियल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की दिशा में एक्सिओम स्पेस की योजना का हिस्सा है। के चारों ओर घूमने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। इसमें एस्ट्रोनाट रहते हैं और माइक्रो ग्रैविटी में एक्सपेरिमेंट करते हैं। यह 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैवल करता है। यह हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है। 5 स्पेस एजेंसीज ने मिलकर इसे बनाया है। स्पेस स्टेशन का पहला पीस नवम्बर 1998 में लॉन्च किया गया था।

### नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया अहम फैसला

# हंगरी ने किया आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान



**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवम्बर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का ऐलान कर दिया है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है।

# ट्रम्प का फैसला अमेरिका पर ही पड़ा भारी, शेयर बाजार में भारी गिरावट

**न्यूयार्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐतिहासिक टैरिफ घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के साथ खुले। टैरिफ पर ट्रम्प का फैसला अब खुद अमेरिका पर ही भारी पड़ा दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से वैश्विक बाजार में भी मंदी का खतरा पैदा हो गया है।

अमेरिका में गुरुवार को बाजार खुलने के बाद प्रमुख इंडेक्स डाव 1,116 अंक या 2.64 प्रतिशत तक गिर गया। व्यापक सूचकांक एसएंडपी 500 इंडेक्स में 3. 24प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। बाजार 2022 के मुद्रास्फीति संकट के बाद इंट्राडे में सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ गया। टेक शेयरों के बोलबा. ला वाला नैस्डैक में शुरुआती कारोबार में 4.33प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। भारत समेत दुनिया के दूसरे बाजारों में भी बड़ी गिरावट दिखी। यह महत्वपूर्ण गिरावट ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आने वाले लगभग सभी सामानों पर लगाए गए भारी टैरिफ के बाद आई है, जिससे यह आशंका पैदा हो गई है कि नई नीति से व्यापारिक साझेदारों में भारी नाराजगी पैदा हो सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। टैरिफ घोषणाओं के बाद निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्तियों में पैसा लगाया। बुधवार को सोना 3,160 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए रिकार्ड पर पहुंच गया। दूसरी ओर, ट्रेजरी यील्ड्स में भारी गिरावट आई। 10 साल की ट्रेजरी यील्ड्स अक्टूबर के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। सोना गुरुवार सुबह 3,060 डॉलर प्रति ट्राय औंस के ऊपर कारोबार करता दिखा। इसमें इस साल सोने में 19: तक की तेजी आई है। 1986 के बाद से सोने के लिए ये सबसे अच्छी तिमाही रही है।

# थाईलैंड में विश्व की सबसे यंग पीएम से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी, रामायण देखी, कहा इसकी कहानियां थाई लोगों के जीवन का हिस्सा**





**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जाइंट प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकाक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाक. ात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाक. ेन कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाईलैंड सरकार ने 18वीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। बुद्ध भूमि भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे। पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पालिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलाग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच डैड, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलाजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलाजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी और थाई पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने संयुक्त कांफ्रेंस के दौरान अपनी मुलाकात की तस्वीर दिखाई। थाईलैंड के प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर जा सकते हैं पीएम मोदी गुरुवार को पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर भी जा सकते हैं। वात फो मंदिर बैंकाक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध द्धरिक्लाइनिंग बुद्धात्र प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

# म्यांमार में भूकंप से मृतकों का आंकड़ा 3085 पर पहुंचा



**बैंकाक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशक. ारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं।

ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हता. हतों की संख्या की रिपोर्ट आधिका. रिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है। हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

# मोदी से मिलने को बेताब हैं यूनुस



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए बेताब हैं। वह थाइलैंड में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता चाहते हैं। दोनों नेता यहां पर बिमटेक समिट में हिस्सा लेंगे। 2018 के बाद बिमटेक सम्मेलन के नेताओं की पहली मुलाकात होगी।

ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान के हवाले से कहा कि बांग्लादेश ने बैठक का अनुरोध किया है और हमारे पास उम्मीद बनाए रखने के लिए उचित आधार हैं। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी ने भी बैठक की संभावना से इनकार नहीं किया है, अगर ये बैठक होती है, तो दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव के माहौल के बीच होगी। भारत बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा चिंता व्यक्त कर चुका है। यही वजह है कि भारत बांग्लादेश को बहुत ज्यादा भाव नहीं दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे महापाप के बीच यूनुस पिछले हफ्ते चीन गए थे, जहां उन्होंने भारत के खिलाफ बयान दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, भारत के पूर्वी हिस्से, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, ये भारत के लैंडलाक्ड क्षेत्र हैं। समंदर तक उनकी पहुंच का कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र के लिए समंदर के अकेले संरक्षक हम हैं। इसलिए यह विशाल संभावना के द्वार खोलता है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए यह चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विस्तार हो सकता है, चीजें बनाएं, उत्पादन करें, चीजें बाजार में ले जाएं, चीजें चीन में लाएं और बाकी दुनिया तक पहुंचाएं। उनकी टिप्पणी की भारत में कड़ी आलोचना हुई। उसे शर्मनाक और भड़काऊ बताया गया। यूनुस के बयान पर रिएक्ट करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि बयान की गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने कहा, यूनुस ने अच्छी नीयत के साथ बयान दिया। अगर लोग इसे अलग तरह से समझते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हालांकि, मोदी-यूनुस की मुलाकात की संभावना का भारत में कई लोग स्वागत नहीं कर रहे हैं।

## बदलते वैश्विक हालात में सबको अपनी चिंता खुद करनी होगी: जयशंकर

**बैंकाक।** थाईलैंड में बिम्सटेक मंत्रीस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया अब आत्मनिर्भरता के दौर में प्रवेश कर रही है और हर क्षेत्र को अपनी जरूरतों का खुद ख्याल रखना होगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने बताया कि अब छोटे सप्लाई चेन और करीबी पड़ोसी देशों का महत्व पहले से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज की सच्चाई यह है कि हम आत्मनिर्भरता के युग में प्रवेश कर रहे हैं। खाद्य पदार्थों, ईंधन, उर्वरकों, टीकों और आपदा प्रबंधन जैसी जरूरतों के लिए हर क्षेत्र को खुद पर भरोसा करना होगा। बता दें कि, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर बिम्सटेक द्धबंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोगत्र की 20वीं मंत्रीस्तरीय बैठक में भाग लेने बैंकाक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिम्सटेक सम्मेलन में शामिल होंगे और समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि श्दुनिया में बड़ा बदलाव हो रहा है।







